उज्जैन
गुरुवार
30
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-267
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 40 करोड़ की जमीन को निजी बताकर काटे प्लॉट
7 गावित ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में तीसरा गोल्ड दिलाया

## 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर नाइट कर्फ्यू की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट में बुधवार को एक महत्वपूर्ण जनहित याचिका पेश हुई, जिसमें 13 साल से कम उम्र के बच्चों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच प्रतिबंधित करने के लिए देशव्यापी कानूनी ढांचा बनाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि बच्चों में सोशल मीडिया की लत और अनुचित सामग्री का संपर्क उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। याचिका में मांग की गई है कि बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर नाइट कर्फ्यू जैसी सुविधाओं पर भी विचार किया जाए। मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की खंडपीठ के समक्ष यह मामला पेश हुआ। न्यायमूर्ति करिया ने खुद को सुनवाई से अलग कर लिया। अदालत ने निर्देश दिया कि मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को ऐसी खंडपीठ के समक्ष होगी, जिसमें न्यायमूर्ति करिया शामिल नहीं होंगे।

## रिपोर्ट- रेड सी में जहाजों पर टैक्स लगाने की तैयारी

**तेहरान/वॉशिंगटन।** यमन के हूती विद्रोही रेड सी (लाल सागर) के दक्षिणी हिस्से से गुजरने वाले कारोबारी जहाजों पर शुल्क लगाने की तैयारी कर रहे हैं। रॉयटर्स ने यह जानकारी सूत्रों ने के हवाले से दी है। हालांकि, इसे कब लागू किया जाएगा, इसकी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। बाब अल-मंदेब रेड सी को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाला दुनिया का अहम समुद्री रास्ता है। रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए हूती नेता ईरान गए थे। वहां ईरानी अधिकारियों ने जहाजों पर टैक्स लगाने का आइडिया दिया था। बाद में ईरानी सलाहकारों ने हूती अधिकारियों के साथ मिलकर टैक्स वसूलने के लिए एक संभावित व्यवस्था तैयार करने में भी मदद की।

## थाईलैंड में 3 इंडियन टूरिस्ट का अपहरण, 5 भारतीय गिरफ्तार

**बैंकॉक।** थाईलैंड में तीन भारतीय पर्यटकों का अपहरण करके उनके परिवारों से फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने इस मामले में पांच भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्हें एक पाकिस्तानी नागरिक ने तीनों को किडनैप करने को कहा था। पुलिस ने तीनों लड़कों को रेस्क्यू कर लिया है। पीड़ितों की पहचान मोहित (23), आशीष (24) और हिमांशु (20) के रूप में हुई है। आरोपियों ने उन्हें सस्ते 7 दिन के टूर पैकेज का लालच देकर थाईलैंड के पटाया शहर बुलाया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें एक घर में बंधक बना लिया गया और उनके परिवारों से तीनों के बदले 40-40 लाख रुपए, यानी कुल 1.20 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई।

## अमेरिका ने इंसानों जैसे दिखने वाले रोबोट पर रोक लगाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने चीन समेत दूसरे देशों से आने वाले इंसानों जैसे दिखने वाले (ह्यूमनॉइड) और चार पैरों पर चलने वाले (क्वाड्रुपेड) रोबोट के आयात पर रोक लगा दी है। अमेरिका के फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने इस फैसले के पीछे राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा से जुड़े जोखिमों का हवाला दिया है। हालांकि यह प्रतिबंध सिर्फ उन रोबोट पर लागू होगा जो अभी अमेरिका नहीं पहुंचे हैं। पहले से इस्तेमाल हो रहे रोबोट इस फैसले के दायरे में नहीं आएंगे। इस फैसले पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वॉशिंगटन स्थित चीनी दूतावास ने आरोप लगाया कि अमेरिका बिना किसी सबूत के चीनी कंपनियों को निशाना बना रहा है। चीन ने कहा कि वह अपने हितों की रक्षा के लिए जरूरी जवाबी कदम उठाएगा।

## साइंटिस्ट बनने निकली ज्योति की करंट से दर्दनाक मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब यूनिवर्सिटी की पीएचडी शोधार्थी ज्योति यादव की करंट लगने से हुई दर्दनाक मौत ने देशभर में शोक और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले की रहने वाली 26 वर्षीय ज्योति ने कठिन प्रतियोगी परीक्षाएं पास कर वैज्ञानिक बनने का सपना देखा था, लेकिन यूनिवर्सिटी परिसर में हुए इस हादसे ने उनके सपनों को हमेशा के लिए अधूरा छोड़ दिया। घटना के बाद छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जबकि परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर, पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने घटना की जांच कराने और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## जयपुर के बीच बाजार दिनदहाड़े युवक की पीट-पीटकर हत्या

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शहर के पॉश माने जाने वाले मानसरोवर थाना क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े बीच सड़क पर बदमाशों ने एक युवक की लाठियों और डंडों से बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें हमलावर युवक पर लगातार हमला करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शहरभर में नाकाबंदी कर महज 42 मिनट के भीतर हत्या के चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

### अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर 4.10 लाख रुपये नगद और जेवर हड़पे, आरोपी से ट्रेन में हुई थी पहचान

# शाजापुर में तंत्र-मंत्र के जाल में फंसी नर्स से दुष्कर्म

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन/शाजापुर**

शाजापुर जिला अस्पताल में पदस्थ तीन महिला नर्सों को तंत्र-मंत्र और जादू-टोने के नाम पर अपने जाल में फंसाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक नर्स को परिवार पर संकट और मौत का डर दिखाकर आरोपी ने कई बार दुष्कर्म किया, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। मामले में पीड़िता ने बुधवार रात 11 बजे शिकायत दर्ज कराई।

इसके बाद उससे 4.10 लाख नकद, सोने का मंगलसूत्र और बाद में उसकी एक्टिवा भी हड़प ली। पीड़िता की दो अन्य सहकर्मी नर्सों के साथ भी आरोपी ने अशोभनीय हरकत करने का प्रयास किया गया। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम रवाना हुई।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता जिला अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत है। शिकायत में उसने बताया कि 3 जुलाई को जबलपुर से शाजापुर लौटते समय भोपाल में ट्रेन में उसकी मुलाकात बड़नगर निवासी राजू से हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने खुद को तंत्र-मंत्र और धागा बनाने वाला बताया। परिवार की परेशानियों का जिक्र होने पर उसने विशेष डोरा बनवाने की सलाह देकर विश्वास में लिया।

**परिवार पर संकट का डर दिखाकर किया रेप-** पीड़िता के अनुसार, अगले दिन आरोपी उसके शाजापुर स्थित किराए के मकान पर पहुंचा। उसने कहा कि धागा बनाने की प्रक्रिया के लिए कपड़े उतारना जरूरी है, अन्यथा उसके माता-पिता, बहन और अन्य परिजनों की मौत हो जाएगी। डर के कारण वह उसकी बातों में आ गई। बाद में आरोपी ने जादू-टोने का हवाला देकर कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी पीड़िता को जावरा स्थित हुसैन टेकरी और अजमेर भी ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि उसने परिवार की परेशानियां दूर करने के नाम पर पीड़िता पर अन्य युवकों से संबंध बनाने का दबाव भी बनाया। इसी दौरान एक अन्य युवक को घर लाकर उसके साथ भी दुष्कर्म कराया गया।



**अश्लील वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल-** पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने दुष्कर्म के दौरान उसके अश्लील वीडियो बना लिए। बाद में वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार ब्लैकमेल करता रहा और उससे 4.10 लाख रु. नकद, सोने का मंगलसूत्र और एक्टिवा भी ले ली। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी ने तंत्र-मंत्र के जरिए परिवार की सभी परेशानियां खत्म करने का झांसा दिया। उसने कहा कि यदि उसके नाम से एक बस खरीदी जाए तो परिवार पर आया संकट टल जाएगा। इसी बहाने आरोपी ने किस्तों में पीड़िता से 4.10 लाख रु. नकद और सोने का मंगलसूत्र ले लिया। बाद में उसने 50 हजार रु. और मांगे और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया। 28 जुलाई को आरोपी पीड़िता की एक्टिवा और उसके दस्तावेज भी अपने साथ ले गया।

### आरोपी की तलाश जारी

- पीड़िता ने बताया कि 21 जुलाई को उसने अपनी दो सहकर्मी नर्सों को घर बुलाया था। आरोप है कि आरोपी ने दोनों महिलाओं के साथ भी अशोभनीय हरकत करने की कोशिश की। इससे घबराकर दोनों वहां से चली गईं।
- इसके बाद पीड़िता को एहसास हुआ कि वह धोखाधड़ी और ब्लैकमेलिंग का शिकार हुई है। तीनों महिलाएं लालघाटी थाने पहुंचीं और शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अर्जुन सिंह मुजाल्दे ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, धोखाधड़ी और आपराधिक धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

### आज से शुरू हुआ पवित्र सावन माह

# महाकाल के दरबार में सुबह से ही उमड़ा भक्तों का सैलाब

## अन्य शिवालयों में भी गूंजा जय शिव-जय शिव, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

भगवान शिव की आराधना, आस्था और भक्ति का पवित्र सावन माह गुरुवार से शुरू हो गया। सावन के प्रथम दिन विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लग गया। देश-प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने भगवान महाकाल के दर्शन कर सुख-समृद्धि, आरोग्य और परिवार की मंगलकामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र जय श्री महाकाल, हर-हर महादेव तथा बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा।

सावन माह के शुभारंभ पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रातःकाल शिप्रा नदी के विभिन्न घाटों पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने पवित्र शिप्रा में स्नान करने के बाद भगवान महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद श्रद्धालु कतारबद्ध होकर मंदिर पहुंचे। मंदिर में दर्शन के लिए सुबह से ही लंबी कतारें दिखाई दीं। श्रद्धालुओं में सावन के पहले दिन भगवान शिव के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। कई भक्तों ने भगवान महाकाल को बेलपत्र, पुष्प, धतूरा, फल और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना की। इधर, शहर के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी सुबह से धार्मिक अनुष्ठान और विशेष पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। मंगलनाथ मंदिर, सिद्धवट क्षेत्र सहित विभिन्न शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। अनेक मंदिरों में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिरों में भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल, दूध और पंचामृत अर्पित किया। जय शिव-जय शिव, हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय नजर आया।

### महाकाल की सवारियों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह

सावन माह के शुभारंभ के साथ ही शहर के बाजारों में भी रौनक बढ़ गई। पूजन सामग्री, बेलपत्र, फूल-मालाओं, धतूरे और धार्मिक वस्तुओं की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई श्रद्धालु सुबह से ही हाथों में पूजन सामग्री लेकर मंदिरों की ओर जाते दिखाई दिए।
उल्लेखनीय है कि भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में सावन माह का विशेष धार्मिक महत्व है। पूरे माह भगवान शिव की विशेष आराधना की जाएगी। सावन के प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए पहुंचेंगे। इसके साथ ही भगवान महाकाल की सवारियों को लेकर भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह बना हुआ है। आने वाले दिनों में उज्जैन में धार्मिक गतिविधियां और तेज होंगी तथा देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### पीओके में प्रदर्शन

## पाक सेना की फायरिंग में 40 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› इस्लामाबाद**

पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके) में जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के लॉन्ग मार्च पर पाकिस्तानी सेना और रेंजर्स की अंधाधुंध फायरिंग में 40 लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से अधिक नागरिक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस हिंसा के बाद पीओके के कई इलाके सुलग उठे हैं और मामला अब संयुक्त राष्ट्र के दरबार में पहुंच गया है। कमेटी की अगुवाई में 5 जून से जारी इस आंदोलन में आम लोग स्थानीय नागरिकों के आर्थिक व नागरिक अधिकारों की मांग कर रहे थे। जब हजारों प्रदर्शनकारी सफेद झंडे लेकर रावलकोट से मुजफ्फराबाद की ओर बढ़े, तो पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उन पर सीधी गोलियां और आंसू गैस के गोले बरसाए। घटना के बाद मानवीय संकट गहरा गया।

# एमपी, बिहार और गुजरात की 3 सीटों पर वोटिंग जारी

### दतिया, बांकीपुर और मंजलपुर में उपचुनाव

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल/पटना/अहमदाबाद**

बिहार, मध्य प्रदेश और गुजरात की तीन विधानसभा सीटों पर आज उपचुनाव हो रहे हैं। सुबह 7 बजे से वोटिंग जारी है। 3 सीटों में एमपी की दतिया, बिहार की बांकीपुर और गुजरात की मंजलपुर सीट शामिल हैं।

भाजपा ने दतिया में एमपी के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को टिकट दिया है। वहीं, पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट पर जन सुराज के प्रशांत किशोर अपना पहला चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हालांकि, प्रशांत की पार्टी को 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी।

**बिहारः बांकीपुर में त्रिकोणीय मुकाबला, प्रशांत किशोर चुनाव लड़ रहे-** बिहार की बांकीपुर सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प है। यहां भाजपा युवा मोर्चा के नेता नीरज कुमार सिन्हा, जन सुराज पार्टी के प्रशांत किशोर और राष्ट्रीय जनता दल की रेखा गुप्ता के बीच टक्कर है।

**एमपी- दतिया में भाजपा और कांग्रेस के सामने चुनौती-** मध्य प्रदेश की दतिया सीट पर भाजपा के आशुतोष तिवारी पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस के कुंवर घनश्याम सिंह सातवीं बार मैदान में हैं। यह सीट 2 अप्रैल को कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती के अयोग्य घोषित होने के बाद खाली हुई थी।

**गुजरात- मंजलपुर में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने-** गुजरात की वडोदरा स्थित मंजलपुर सीट भाजपा विधायक योगेश पटेल के निधन के बाद खाली हुई थी। योगेश पटेल 1990 से विधायक थे और उन्होंने कुल आठ बार चुनाव जीता था। वे 2022 में विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर और राज्य मंत्री भी रहे। इस सीट पर भाजपा ने सतीश पटेल को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस ने पूर्व मंत्री भीखाभाई रबारी को मैदान में उतारा है।

### हरिद्वार में कांवड़िया बहा, रुद्रप्रयाग में कार पर गिरा बोल्डर

# एमपी में नदी-नाले उफान पर

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

**राजस्थान समेत 16 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट**

देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान समेत 16 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के 7 जिलों में बुधवार को बारिश हुई। हरिद्वार में गंगा के तेज बहाव में गंगाजल भरते समय युवक बहने लगा। घाट पर ड्यूटी कर रही एसडीआरएफ टीम नेउसे बचा लिया। वहीं, रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। सिल्ली के पास मलबा आने से हाईवे कुछ देर बाधित रहा, जबकि पेट्रोल पंप के पास पहाड़ी से बोल्डर गिरने से एक कार दब गई। मध्य प्रदेश के बालाघाट में दो दिनों से लगातार बारिश के कारण बीते 24 घंटे में करीब 3 इंच पानी गिरा। इससे दैतबर्रा-मंगलेगांव पुल, टोंडिया नाला और थानेगांव का नाला उफान पर आ गए। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में उफनते सरगी नाले को पार करते समय एक शख्स बह गया। करीब 5 किमी दूर उसका शव मिला। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में बहे दंपती का शव और उनकी कार 4 दिन बाद मिली। वहीं सक्ती जिले में लापता युवक का शव बुधवार को बरामद कर लिया गया।

## हाईकोर्ट बार एसो. चुनाव का ऐलान

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**

जिला अधिवक्ता संघ के बाद अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो गया है। सत्र 2026-28 के चुनाव की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। हाईकोर्ट बार के सदस्य नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 17 अगस्त 2026 को मतदान करेंगे, जबकि 18 अगस्त से मतगणना शुरू होगी।

### सीजेपी प्रमुख दीपके ने पीएम मोदी पर कसा तंज

# कुर्सी छोड़ें, इनफ्लुएंसर बनें

## पेपर लीक विरोधी बिल पर भी उठाए सवाल

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

लोकसभा से पारित एंटी-पेपर लीक बिल और छात्र प्रदर्शनों को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोला है। दीपके ने कहा है कि बिना सही नीयत और प्रभावी अमल के सिर्फ कानून बना देने से पेपर लीक जैसी गंभीर समस्या कभी खत्म नहीं होगी।

महाराष्ट्र स्थित अपने गृहनगर में पत्रकारों से बात करते हुए अभिजीत दीपके ने प्रधानमंत्री के इंस्टाग्राम वीडियो पर तंज कसा। इन वीडियो में पीएम युवाओं को संबोधित करते दिखे थे। दीपके ने कहा, 'मुझे लगता है कि पीएम मोदी को इन्फ्लुएंसर बन जाना चाहिए। वह इस काम को बहुत अच्छी तरह कर रहे हैं। अगर वह इतने ही बेहतरीन इन्फ्लुएंसर हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी छोड़ देनी चाहिए। किसी और को प्रधानमंत्री का काम करने देना चाहिए।' लोकसभा में पास हुए एंटी-पेपर लीक बिल पर समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए दीपके ने कानून की उपयोगिता पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि तीन दिन पहले पीएम मोदी ने फास्ट-ट्रैक कोर्ट बनाने का वादा किया था।

# 1 अगस्त से बदल जाएंगे 8 बड़े नियम

## गैस सिलेंडर के दाम से लेकर बैंक के चार्ज और ट्रेन की टिकट तक बहुत कुछ नया होने वाला है

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

आगामी 1 अगस्त की सुबह से आपकी रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े कई नियम बदल जाएंगे। गैस सिलेंडर के दाम से लेकर बैंक के चार्ज और ट्रेन की टिकट तक बहुत कुछ नया होने वाला है। इनमें से कुछ बदलावों से आपको बड़ी राहत मिलेगी, तो वहीं कुछ मामलों में थोड़ी-सी भी लापरवाही आपकी जेब पर भारी पड़ सकती है।

### यह होंगे बदलाव

- **एलपीजी और फ्लाइट के टिकट के नये दाम-** हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर के रेट तय होते हैं। 1 अगस्त की सुबह भी तेल कंपनियां कमर्शियल और घरेलू गैस सिलेंडर के नए दाम जारी करेंगी। दुनिया भर में कच्चे तेल के दाम ऊपर-नीचे हो रहे हैं। अगर कमर्शियल सिलेंडर महंगा होता है, तो बाहर का खाना-पीना महंगा हो सकता है। इसके साथ ही हवाई जहाजों के ईंधन के रेट भी बदलेंगे, जिससे फ्लाइट की टिकट सस्ती या महंगी हो सकती है।
- **रेलवे का तत्काल टिकट लेना हो सकता है आसान-** अगर आप अक्सर ट्रेन से सफर करते हैं, तो आपके लिए अच्छी खबर है। 1 अगस्त से रेलवे के तत्काल टिकट बुकिंग सिस्टम में एक बड़ा बदलाव हो सकता है। चर्चा है कि कुछ जगहों पर टोकन सिस्टम शुरू किया जाएगा, जिससे लंबी लाइन और बार-बार कतार में लगने की परेशानी कम होगी। इससे टिकट बुकिंग पहले से ज्यादा आसान और बेहतर हो सकती है।
- **पोस्ट ऑफिस का तोहफा, राखी भेजना सस्ता-** रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है और डाकघर ने बहनों को बड़ा गिफ्ट दिया है। 1 अगस्त से राखी, ग्रीटिंग कार्ड या किसी भी तरह के कागजात भेजने का खर्च काफी कम हो जाएगा। इन चीजों को अब पार्सल नहीं, बल्कि डॉक्यूमेंट माना जाएगा। यही नहीं, दिल्ली-मुंबई जैसे 6 बड़े शहरों में तो 24 से 48 घंटे में पक्की डिलीवरी की सर्विस भी शुरू हो रही है।
- **क्रेडिट कार्ड और बैंक के एसएमएस चार्ज-** अगर आप क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करते हैं, तो 1 अगस्त से आपके रिवॉर्ड पॉइंट्स और लाउंज एक्सेस के नियम बदल सकते हैं। कई बैंक अपने क्रेडिट कार्ड के नियम कड़े कर रहे हैं। इसके अलावा, कुछ बैंक (जैसे उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक) अब आपके मोबाइल पर आने वाले हर एसएमएस के लिए 30 पैसे तक का चार्ज काट सकते हैं। इसलिए अपने बैंक के मैसेज जरूर चेक करें।
- **बैंक और बीमा में बार-बार डॉक्यूमेंट देने से छुट्टी-** 1 अगस्त से बैंकिंग और म्यूचुअल फंड में सीकेवासी 2.0 शुरू हो रहा है। इसका फायदा यह है कि अब आपको नया बैंक खाता खोलने या कोई नई पॉलिसी लेने के लिए बार-बार अपने आधार कार्ड और पैन कार्ड की फोटोकॉपी नहीं देनी पड़ेगी। आपकी जानकारी सिस्टम में सेव रहेगी और आपकी परमिशन से बैंक खुद ही उसे निकाल लेंगे।
- **त्योहारों में नहीं बढ़ेंगे चीनी के दाम-** त्योहारों का सीजन आ रहा है, इसलिए सरकार ने पहले ही तैयारी कर ली है। 1 अगस्त से सरकार ने व्यापारियों के लिए चीनी जमा करने की लिमिट तय कर दी है। अब कोई भी व्यापारी 4000 क्विंटल से ज्यादा चीनी गोदाम में नहीं रख पाएगा और उसे 30 दिन के अंदर चीनी बाजार में बेचनी होगी। इससे बाजार में चीनी की कमी नहीं होगी और दाम कंट्रोल में रहेंगे।
- **शेयर बाजार में आपका पैसा रहेगा ज्यादा सेफ-** शेयर बाजार को कंट्रोल करने वाली संस्था सेबी ने 1 अगस्त से कंपनियों के 'बायबैक' (यानी जब कंपनी खुद के शेयर वापस खरीदती है) के नियम बदल दिए हैं। अब कंपनियां अपनी मर्जी से मनचाहा पैसा बायबैक में नहीं लगा सकेंगी, इसके लिए 15 प्रतिशत की लिमिट तय कर दी गई है। साथ ही यह काम 66 दिन में पूरा करना होगा। इससे आम निवेशकों के साथ कोई धोखाधड़ी नहीं होगी।
- **आईटीआर नहीं भरा तो लगेगा तगड़ा जुमार्ना-** अगर आप इनकम टैक्स भरते हैं और अभी तक अपना आईटीआर जमा नहीं किया है, तो 31 जुलाई आपके लिए आखिरी मौका है। 1 अगस्त से अगर आप टैक्स रिटर्न फाइल करेंगे, तो आपको लेट फीस यानी भारी जुमार्ना देना पड़ेगा। इसलिए लास्ट मिनट की टेंशन से बचने के लिए आज ही अपना रिटर्न फाइल कर लें।



## खबर एक नजर...

### संतों का पूजन कर दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति ने लिया आशीर्वाद



**उज्जैन।** विश्व हिंदू परिषद के आयाम दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति ने महानगर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। इस अवसर पर संगठन की सदस्यों ने गुरु-शिष्य परंपरा के तहत संत गुरु सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर संतों का पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त कर एकता का संदेश दिया। दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका प्रियंका सिंह परमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मातृशक्ति की विभाग संयोजिका लता चौहान ने गुरुजी को तिलक लगाकर व भेंट देकर सम्मानित किया। जिला संयोजिका प्रियंका सिंह ने भी श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। इसके बाद दुर्गा वाहिनी की सदस्यों ने पारंपरिक विधि-विधान से गुरुजी का पूजन किया। उन्हें पुष्पमाला पहनाकर व श्रीफल भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रखंड संयोजिका अनुष्का चौरसिया, सह संयोजिका चंदा माली, प्रखंड शक्ति साधन प्रमुख आनंदी राठौर, संगीत राठौर और शक्ति साधन की प्रखंड संयोजिका पारो दीदी सहित दुर्गा वाहिनी की कई सदस्य उपस्थित थीं।

### श्रद्धालुओं व कांवड़ यात्रियों के लिए पूरे सावन चलेगा निःशुल्क भंडारा




**उज्जैन।** भगवान महाकाल की नगरी में श्रावण मास के दौरान दर्शनार्थियों और कांवड़ यात्रियों के लिए 31 जुलाई 2026, शुक्रवार से 30 दिवसीय निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। हरसिद्धि की पाल स्थित हनुमान मंदिर के पास सुबह 11 बजे से प्रतिदिन भोजन प्रसादी का वितरण शुरू होगा। शिवसेना गौरक्षा न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजकुमार झंझोट की अगुवाई में देवास गेट बस स्टैंड मित्र मंडली द्वारा यह आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि महाकाल दर्शन के लिए सावन में प्रतिदिन आने वाले हजारों श्रद्धालुओं, बच्चों, बुजुर्गों और जरूरतमंदों को सात्विक व स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की जा रही है। इस अभियान को पूरे सावन माह तक सुचारू रूप से चलाने के लिए मित्र मंडली के सदस्य अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आयोजकों ने शहरवासियों और समाजसेवियों से भी अपील की है कि वे इस जनसेवा में अन्न, राशन सामग्री या आर्थिक सहयोग प्रदान कर अपनी सहभागिता निभाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इस भोजन प्रसादी का लाभ उठा सकें।

### शपथ ग्रहण समारोह, आगामी सिंहस्थ को लेकर शुरू होंगे नए प्रकल्प

**उज्जैन।** उज्जैन इवेंट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे, मध्य प्रदेश डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश यादव और उपाध्यक्ष महेश सोलंकी मौजूद रहे। समारोह में एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया। कार्यकारिणी में रोहित पांडे को अध्यक्ष और निखिल शुक्ला को संरक्षक बनाया गया है। इसके अलावा डेविड भारती को उपाध्यक्ष, सचिन गेहलोत को सचिव और साहित्य सेंगर को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं राशिद अली और ऋषभ जैन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष रोहित पांडे ने बताया कि इवेंट एसोसिएशन द्वारा उज्जैन शहर में विभिन्न प्रकार के नए प्रकल्प शुरू किए जाएंगे। इसमें मुख्य रूप से आगामी सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए कई नए कार्य शुरू किए जाएंगे।

### धर्मशाला विवाद में कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** श्री भावसार समाज उज्जैन की धर्मशाला के संचालन और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर विवाद एक बार फिर सामने आया है। मामले को लेकर समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच एवं वैधानिक कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपते हुए समाजजनों ने आरोप लगाया कि भावसार समाज धर्मशाला सार्वजनिक न्यास द्वारा वर्षों से समाज की संपत्ति के संचालन में अनियमितताएं की गई हैं। साथ ही समाज के पंजीबद्ध पदाधिकारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है तथा समाज की संपत्ति और कुलदेवी मां हिंगलाज के दानस्वरूप मिले आभूषणों पर भी कब्जा किया गया है। अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।



#### रहवासियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

# नगर निगम और एमपीईबी की खींचतान में अटका नाला निर्माण

### वार्ड 4 की एससी-एसटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का मामला, एक माह से काम अधूरा, एसडीएम से की शिकायत

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

नगर निगम और एमपीईबी के बीच समन्वय के अभाव में वार्ड क्रमांक 4 स्थित एससी-एसटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का नाला निर्माण कार्य एक माह से अधूरा पड़ा है। विभागों की इस खींचतान और जलभराव की समस्या से परेशान रहवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को शिकायत कर समाधान की मांग की है।

रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द काम शुरू कर समस्या का स्थायी निराकरण नहीं किया गया तो वे फिर से आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होंगे।

कॉलोनीवासियों के अनुसार वे पिछले चार-पांच वर्षों से जलभराव एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व रहवासियों द्वारा किए गए शांतिपूर्ण चक्काजाम के बाद नगर निगम ने नाला निर्माण शुरू किया था। लेकिन, नाले की मुख्य कनेक्टिविटी एमपीईबी की भूमिगत विद्युत केबल के कारण रुक गई है। अब नगर निगम और एमपीईबी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं, जिससे काम बंद पड़ा है।

#### खुदाई से फैला मलबा, स्कूली वाहनों का प्रवेश बंद

अधूरे निर्माण और खुदाई से निकला मलबा पूरी कॉलोनी में फैल गया है, जिससे आवागमन बुरी तरह बाधित हो रहा है। स्थिति यह है कि स्कूली बच्चों के वाहन तक कॉलोनी में प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा रात के समय स्ट्रीट लाइटें बंद रहती हैं और खुले चेंबर व खुदे हुए नाले के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रहवासियों ने एसडीएम को बताया कि आज तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी या जनप्रतिनिधि मौके पर निगरानी के लिए उपस्थित नहीं हुआ है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर और मौके का निरीक्षण कराकर नाला निर्माण एवं अन्य समस्याओं का शीघ्र स्थायी निराकरण कराया जाए। यदि समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन और एमपीईबी की होगी।

#### वक्ताओं ने कहा- गुरु का ज्ञान जीवन का सबसे बड़ा धन

## मंत्रोच्चार के साथ हुआ प्रशिक्षकों का सम्मान

### दिलीप जोशी, देवीदास रामचंदानी व अमित यादव को शॉल-श्रीफल भेंट कर किया सम्मानित

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



शहर के प्रतिष्ठित श्री माधव क्लब स्थित इंद्रप्रकाश भार्गव तरणताल में तैराकी सिखाने वाले प्रशिक्षकों (गुरुओं) का सम्मान किया गया। 'गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु' और 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े' के उच्चारण के साथ प्रशिक्षकों को शॉल, श्रीफल, मोतियों की माला पहनाकर और मिठाई भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की गई।

क्लब के वरिष्ठ सदस्य सुनील हुकमचंद कछवाय ने बताया कि समारोह में स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के टेक्निकल अधिकारी दिलीप जोशी बाबा, एनआईएस नेशनल डिप्लोमा होल्डर देवीदास रामचंदानी और उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर से प्रशिक्षण प्राप्त अमित यादव का सम्मान किया गया। दिलीप जोशी ने अब तक 26 स्वर्ण सहित 100 से अधिक पदक जीतकर देश-विदेश में उज्जैन का मान बढ़ाया है। वहीं, देवीदास रामचंदानी के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 62 पदक हासिल किए हैं। जबकि अमित यादव क्लब में 5 से लेकर 75 वर्ष तक के सदस्यों को पानी के अंदर सांस लेने और तैराकी की तकनीकी बारीकियां सिखा रहे हैं।

कार्यक्रम में डॉ. सुधीर गवारिकर ने कहा कि गुरु का ज्ञान जीवन का सबसे बड़ा धन और उनका आशीर्वाद सबसे बड़ा वरदान है। जो व्यक्ति गुरु के आदेश का पालन करता है, वह कभी असफल नहीं होता। वरिष्ठ सदस्य मांगीलाल बाहेती ने कहा कि ज्ञान और संस्कार से जीवन को सार्थक बनाने वाले गुरुओं का हमेशा सम्मान करना चाहिए। डॉ. संदीप चौरसिया ने कहा कि गुरु वह दीपक हैं, जो अज्ञान का अंधकार दूर कर सही मार्ग दिखाते हैं और जीवन को एक उद्देश्य प्रदान करते हैं।

### पुलिस पेंशनर संघ ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन ने शहर में जनजागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य लोगों, विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। फ्रीगंज स्थित टावर चौक से रैली को सीएसपी दीपिका शिंदे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः टावर चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रतिभागी ₹नशा छोड़ो, नशा करना पाप है₹ और ₹नशे से बनाएं दूरी₹ जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करते हुए चल रहे थे। साथ ही नागरिकों के बीच जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।

#### आलोक इंटरनेशनल स्कूल में उत्सव

## रामचरितमानस के दोहों से बताई गुरु महिमा

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से विद्यार्थियों ने मोहा मन




**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के आलोक इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल उज्जैन के डिवीजनल इंजीनियर उमेश कुमार चौरसिया उपस्थित रहे, जबकि नरवर के एई नवनीत मीमरोट विशेष अतिथि थे।

मुख्य अतिथि उमेश कुमार चौरसिया ने सुंदरकांड और रामचरितमानस के दोहों के माध्यम से गुरु महिमा का वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और हमेशा सीखते रहने की प्रेरणा दी। संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने कहा कि गुरु जीवन में संकल्प, आत्मविश्वास और सही दिशा देकर सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छात्रा अंशिका जायसवाल और तृप्ति परमार ने गुरु महिमा पर प्रेरक विचार रखे, वहीं प्रियल जैन ने अपनी स्वरचित कविता सुनाई। विद्यार्थियों ने गुरु भक्ति पर आधारित गीत और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का संचालन युक्ता तोमर और युवराज सिंदल ने किया, जबकि आभार निकिता धानक ने माना। इस अवसर पर प्राचार्या यामिनी पाटनकर, एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा और अभिषेक वशिष्ठ सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### 'गुरु के चरणों में समर्पित हुई श्रद्धा'

**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमुद शास्त्री ने कहा कि गुरु केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की सही दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सदैव गुरुजनों का सम्मान करने तथा उनके आदर्शों का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय के संस्थापक आनंद पंड्या एवं संस्थापिका सुनीता पंड्या ने मुख्य अतिथि कुमुद शास्त्री का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। आयोजन में विद्यार्थियों ने गुरु महिमा पर आधारित श्लोक, भजन, भाषण और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर गुरुओं के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

## अज्ञानी धर्मगुरुओं के कारण बदनाम हो रहा सनातन धर्म

### आश्रम चाणक्य में देशभर से आए शिष्यों ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



महाकाल घाटी स्थित आश्रम चाणक्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश, गुजरात, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, झारखंड और कोलकाता सहित देश के विभिन्न हिस्सों से आए सैकड़ों शिष्यों ने महेश पुजारी का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

रूपेश मेहता ने बताया कि महोत्सव में शिष्यों का मार्गदर्शन करते हुए महेश पुजारी ने कहा कि वर्तमान में सनातन धर्म में धर्मगुरुओं की बाढ़ आ गई है। कई लोग अज्ञानतावश अपने उद्धार के लिए ऐसे लोगों को गुरु बना रहे हैं, जिन्हें सनातन धर्म की परंपरा, मर्यादा और व्यवस्था का ज्ञान नहीं है। ऐसे धर्मगुरुओं के कारण ही आज सनातन धर्म बदनाम हो रहा है। उन्होंने आह्वान किया कि गुरु हमेशा जानकार को ही बनाना चाहिए। किसी को भी गुरु बनाने से पहले उसके गुण-दोषों को परखें और पूर्ण सोच-समझकर व अपने विवेक का उपयोग करके ही गुरु का चुनाव करें।

महोत्सव में विजय पुजारी, मधुसूदन शर्मा, आशीष अग्निहोत्री, राकेश जोशी उर्फ राका गुरुजी, हितेश जरीवाला, रूपा गांगुली, गोपाल पुजारी, सुरेश शर्मा, अशोक शुक्ला, राजेश बैरागी, मुकेश खंडेलवाल, कप्तान बोबल, सुभाष

### गुरु ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं

**उज्जैन।** निर्मला महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा का उत्सव पूर्ण श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट किया गया। मेजर डॉ. चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि फादर डॉ. थॉमस केनी थे, जिनका शिक्षा के क्षेत्र में 38 वर्षों का अनुकरणीय योगदान रहा है। अपने उद्बोधन में फादर डॉ. केनी ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान का संचार नहीं करता, बल्कि संस्कार, नैतिक मूल्यों और जीवन जीने की कला का भी मार्गदर्शन करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्मला महाविद्यालय के मैनेजर फादर जोस कड़परा ने की। निर्मला महाविद्यालय के निदेशक फादर डॉ. एंटोनी जोसेफ निप्पेल ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।

### गुरु पूर्णिमा पर 63 परिवारों ने किया मातृ-पितृ चरण पूजन, भावुक हुए लोग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सामाजिक संस्था ह्यतेरा तुझको अर्पण सेवा संस्थानह्व द्वारा मातृ-पितृ चरण पूजन, नेत्र वंदन और आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 63 से अधिक परिवारों ने विधि-विधान से अपने माता-पिता के चरण पखारकर पूजन किया। इस भावपूर्ण आयोजन में एक हजार से अधिक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत प्रचारक केतन भाईसाहब, विभाग कार्यवाह मनीष गोयल और वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश रांका ने देवगुरु बृहस्पति व श्रवण कुमार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। संस्था अध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक धनंजय शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए मातृ-पितृ सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। पूजन के दौरान परिजनों ने माता-पिता के चरण जल और दूध से पखारे। इसके बाद इत्र, कुमकुम, हल्दी, चंदन, अक्षत और पुष्प अर्पित किए गए।

## विलुप्त हो रहे जीव-जंतुओं व वनस्पतियों का संरक्षण समय की मांग

### माधव विज्ञान महाविद्यालय में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर संगोष्ठी, अंतरराष्ट्रीय प्रकृति सम्मेलन के पोस्टर का हुआ विमोचन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण असंतुलन पर चिंता जताते हुए विलुप्त होते जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के संरक्षण पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान आगामी द्वितीय अंतरराष्ट्रीय प्रकृति सम्मेलन 2026 की रूपरेखा भी तय की गई।

महाविद्यालय के भूगोल विभाग, आईक्यूएसी एवं प्रकृति शोध सोसाइटी उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि व प्रकृति शोध संस्थान उदयपुर के चेयरमैन प्रो. पीआर व्यास ने 'सतत विकास और हरित धरती अभियान' विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए विलुप्त होते जीव-जंतुओं एवं वनस्पतियों के संरक्षण का आह्वान किया। साथ ही समिति के साथ बैठक कर द्वितीय अंतरराष्ट्रीय प्रकृति सम्मेलन 2026 की विस्तृत चर्चा की और पोस्टर का विमोचन किया। सम्मेलन में विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों पर तकनीकी सत्र आयोजित करने और देश-विदेश के पर्यावरणविदों व भूगोलवेत्ताओं को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

प्रकृति शोध सोसाइटी के सचिव हीरालाल व्यास ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का महत्व बताते हुए कहा कि धरती हमारी माता है और हम सब इसके पुत्र हैं। शासकीय महाविद्यालय महिदपुर के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभाकर मिश्र ने संसाधनों के अति दोहन में कमी लाने और पर्यावरण व कचरा प्रबंधन के लिए 3-आर यानी कम करना, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण की जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। भूगोल विभागाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय संयोजक मेजर डॉ. मोहन निमोले ने पानी, जंगल और वन्यजीवों की रक्षा की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नूतन पंवार ने किया तथा आभार शोधार्थी सौदान सिंह चौहान ने माना। इस अवसर पर शोधार्थी दशरथ प्रसाद, शैलेंद्र त्रिपाठी, हरेंद्र पचौरी, शिव कुशवाह, बीरु धाकड़, आशुतोष चौहान, मनीषा भालेकर, पायल सोलंकी सहित भूगोल के विद्यार्थी व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे।

#### मुनि प्रणीत सागर और क्षुल्लक विधेय सागर के सानिध्य में होंगे विशेष अनुष्ठान

## शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टानिका पर्व का विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ समापन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**





शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर लक्ष्मी नगर सेठी नगर में 30 जुलाई को गुरु पूर्णिमा और वीर शासन जयंती महोत्सव उल्लास के साथ मनाया जाएगा। यह आयोजन आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम शिष्य श्रमण मुनि 108 श्री प्रणीत सागर जी महाराज और क्षुल्लक 105 श्री विधेय सागर जी महाराज के सानिध्य में होगा। इससे पूर्व बुधवार को अष्टानिका पर्व के समापन अवसर पर श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ संपन्न हुआ।

बुधवार को अष्टानिका पर्व की समाप्ति के साथ ही अष्ट द्रव्य से विशेष पूजन किया गया। 21 जुलाई से प्रारंभ हुए इस पर्व में प्रतिदिन अर्घ्य समर्पित किए गए। अंतिम दिन 28 एवं 29 जुलाई को 1024 अर्घ्य का अनुष्ठान, मंत्रोच्चारण व विश्व शांति महायज्ञ के साथ आयोजन का समापन हुआ।

ट्रस्ट सचिव सुशील लुहाडिया और समाज सचिव सचिन कासलीवाल ने बताया कि गुरुवार सुबह 6:15 बजे से श्रीजी के अभिषेक और शांतिधारा के पश्चात विशेष पूजा अनुष्ठान होगा। सुबह 7:30 बजे से गुरु मंगलाचरण, गुरु चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, पाद प्रक्षालन, शास्त्र भेंट, संगीतमय पूजन, ग्रंथ विमोचन और विनयांजलि कार्यक्रम होंगे। मुनि संघ द्वारा विनयांजलि एवं ईसा पूर्व से 21वीं शताब्दी तक 108 गुरु अर्घ्यावली समर्पित कर अनुष्ठान का समापन होगा। इस विशेष अवसर पर सभी समाजजन अपने-अपने घर से श्रीफल लेकर पहुंचेंगे।

श्रावण कृष्ण प्रतिपदा के दिन मनाई जाने वाली वीर शासन जयंती भगवान महावीर स्वामी के केवल ज्ञान के पश्चात उनकी प्रथम दिव्यध्वनि (दिव्य देशना) खिरने और जैन शासन (धर्मतीर्थ) के प्रवर्तन की स्मृति में मनाई जाती है। 2500 वर्षों से भी अधिक समय पूर्व इसी दिन प्रथम गणधर गौतम स्वामी द्वारा समोशरण में भगवान के उपदेश सुने गए थे। इस दिन ज्ञान के प्रतीक रूप में श्रुतस्कंध यंत्र और श्रुतदेवी (माता सरस्वती) का पूजन किया जाता है। साथ ही कई श्रावक विशेष व्रत रखकर धार्मिक सभाओं व स्वाध्याय में हिस्सा लेते हैं।

कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह चातुर्मास समिति के संयोजक अधिवक्ता मनोज जैन, सहसंयोजक अशोक जैन, लोकेश छाबड़ा, कोषाध्यक्ष धवल जैन डोसी, पीसी जैन, सुनील जैन ट्रांसपोर्ट, अनिल बुखारिया, सुभाष जैन, देवेंद्र सिंघाई, प्रदीप पांडिया सहित ट्रस्ट के सभी सदस्यों एवं महिला मंडल ने किया है।

उज्जैन
गुरुवार
30
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यदा सत्त्वे प्रवृद्धे तु प्रलयं याति देहभृत्।
तदोत्तमविदां लोकानमलान्प्रतिपद्यते।।

**अर्थः** जब यह मनुष्य सत्त्वगुण की वृद्धि में मृत्यु को प्राप्त होता है, तब तो उत्तम कर्म करने वालों के निर्मल दिव्य स्वर्गादि लोकों को प्राप्त होता है।

## खबर एक नजर...

### आर्थिक तंगी-मानसिक बीमारी से जूझ रहे मां-बेटे ने जहर खाया

**इंदौर।** परदेशीपुरा में आर्थिक तंगी और मानसिक बीमारी से जूझ रहे मां-बेटे ने जहर खाकर जान दे दी। दोनों ने मंगलवार दोपहर घर से करीब 100 मीटर दूर एक बगीचे में जहरीला पदार्थ खा लिया था। इलाज के दौरान बुधवार शाम बेटे और गुरुवार सुबह मां की मौत हो गई। परदेशीपुरा थाना पुलिस के मुताबिक 62 वर्षीय इंदिरा पति खुशीराम और उनके 35 वर्षीय बेटे संजय की जहरीला पदार्थ खाने से उपचार के दौरान मौत हुई है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार दोपहर दोनों घर के पास स्थित एक बगीचे में पहुंचे और वहां जहर खा लिया। बेहोशी की हालत में मिलने के बाद उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रिश्तेदार शिवम ने बताया कि इंदिरा के पति का कई वर्ष पहले निधन हो चुका था। इसके बाद वह अपनी बहन, भांजे शिवम और परिवार के साथ रह रही थीं। उनके पालन-पोषण का पूरा खर्च बहन का परिवार ही उठाता था। वहीं बेटा संजय भी कोई काम नहीं करता था। मंगलवार दोपहर किसी परिचित ने शिवम को सूचना दी कि इंदिरा और संजय घर से कुछ दूरी पर स्थित बगीचे में बेसुध पड़े हैं। मौके पर पहुंचने पर दोनों की सांसें चल रही थीं। इसके बाद आसपास के लोगों की मदद से उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

### हाईकोर्ट में इंदौर में डीआरटी के लिए लगी याचिका

**इंदौर।** हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका दायर कर इंदौर में ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) की अतिरिक्त बेंच स्थापित करने की मांग की गई है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान में मप्र व छत्तीसगढ़ के के लिए केवल जबलपुर में एकमात्र डीआरटी है, जिससे बैंक, वित्तीय संस्थानों को न्याय पाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। याचिका में कहा गया कि कोविड-19 के बाद बैंक ऋण वसूली, रअफ्ऋअएरकअधिनियम और वित्तीय विवादों से जुड़े मामलों में लगातार वृद्धि हुई है। इसके बावजूद मप्र में डीआरटी की संख्या नहीं बढ़ाई गई। लंबित मामलों का बोझ बढ़ रहा है और आर्थिक रूप से कमजोर पक्षकारों को न्याय के लिए सैकड़ों किमी दूर जबलपुर जाना पड़ता है। इंदौर प्रदेश की आर्थिक राजधानी है। यहां सार्वजनिक व निजी बैंकों, एनबीएफसी, पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र, देवास इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और शैक्षणिक संस्थानों का बड़ा नेटवर्क है। इसके बावजूद यहां डीआरटी की कोई बेंच नहीं है। इंदौर, उज्जैन संभाग सहित मालवा-निमाड़ के कई जिलों के लोगों को मामूली सुनवाई के लिए भी जबलपुर जाने में समय और धन की बबार्दी होती है। याचिका अधिवक्ता मनीष गडकर व अनिल नायडू ने दायर की है।

### फर्जी एनओसी मामले में तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर की भंवरकुआं थाना पुलिस ने फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के बहुचर्चित मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के तत्कालीन प्रभारी कार्यपालन यंत्री को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पद का दुरुपयोग कर गैस एजेंसी के लिए फर्जी दस्तावेज जारी करने का आरोप है। टीआई संतोष दूधी ने बताया कि फरियादी जीवन रघुवंशी ने एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अवंतिका गैस एजेंसी के लिए एक फर्जी एनओसी जारी की गई, जिसके आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की गई। विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाए जाने के बाद मामला भंवरकुआं थाने भेजा गया, जहां संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने मार्तंड सिरोलिया पुत्र प्रेम प्रकाश सिरोलिया, निवासी त्रिवेणी अपार्टमेंट, रोहित नगर फेज-2, शाहपुरा (भोपाल) को गिरफ्तार किया। घटना के समय वह एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय कार्यालय, इंदौर में प्रभारी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फर्जी एनओसी किस परिस्थितियों में जारी की गई, इसमें किन अधिकारियों या कर्मचारियों की भूमिका रही और इससे किसे लाभ पहुंचाया गया। साथ ही मामले से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान यदि अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में कई महत्वपूर्ण तथ्यों के सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

### कलेक्टोरेट के बाहर बना प्रवेश द्वार जिम्मेदारों को नजर नहीं आ रहा

**इंदौर।** अवैध राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक बैनर-पोस्टर हटाने के हाईकोर्ट के आदेश के तीसरे दिन भी शहर में स्थिति जस की तस नजर आई। एबी रोड, एमजी रोड पर बुधवार को भी धार्मिक-राजनीतिक पोस्टर्स, बैनर्स बड़ी संख्या में लगे हुए थे। सबसे हैरान करने वाली स्थिति कलेक्टोरेट के बाहर रही। यहां बड़ा सा प्रवेश द्वार बना हुआ है, जो किसी को दिखाई नहीं दे रहा, जबकि इसी के सामने सरकारी कार्यालय में कलेक्टर सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बैठते हैं। इधर, नगर निगम का दावा है कि शहरभर से करीब एक हजार बैनर-पोस्टर हैं। कार्रवाई लगातार जारी है। बुधवार को भी कई जगह से पोस्टर-बैनर हटाए गए। सवाल- सरकारी कार्यालयों के बाहर कार्रवाई क्यों नहीं जब कार्रवाई शहरभर में की जा रही थी तो सरकारी कार्यालयों के बाहर लगे इन बड़े बैनर-पोस्टरों और प्रवेश द्वार पर निगम की नजर क्यों नहीं पड़ी।

---

### इंदौर के मल्हारगंज में भू-माफिया पर कसा शिकंजा, एफआईआर भी दर्ज की

# 40 करोड़ की जमीन को निजी बताकर काटे प्लॉट

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर जिला प्रशासन ने बुधवार को भूमाफिया के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। मल्हारगंज क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित करने की कोशिश का खुलासा होने पर भूमाफिया के खिलाफ ऋक्रफदर्ज कराई गई। साथ ही अतिक्रमण हटाने और बेदखली की कार्रवाई भी की गई।

मल्हारगंज के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) और तहसीलदार ने ग्राम सिरपुर स्थित सरकारी जमीन, सर्वे क्रमांक 33, रकबा 2.711 हेक्टेयर का निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि यह भूमि राजस्व अभिलेखों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के नाम दर्ज है।

जांच में पता चला कि सम्राट नगर निवासी अज्जू खां पिता भूरू खां ने इस सरकारी जमीन को अपनी बताकर 17 छोटे-छोटे भूखंड तैयार कर दिए। इतना ही नहीं, उसने सरकारी जमीन को सर्वे क्रमांक 37/1 की निजी भूमि बताकर नोटरी के माध्यम से विक्रय किया और न्यू लक्ष्मी नगर के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास किया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि सर्वे क्रमांक 37/1 की जमीन सिद्धनाथ मिश्रीलाल पिता गणपत के नाम दर्ज है। इस भूमि का स्वामित्व अज्जू खां के नाम नहीं है। इसके बावजूद वह सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर उसे निजी भूमि के रूप में प्रदर्शित कर रहा था। प्रशासन के अनुसार, इस जमीन की अनुमानित बाजार कीमत करीब 40 करोड़ रुपए है।

#### पहले भी हटाया गया था अतिक्रमण

प्रशासन के अनुसार, इसी क्षेत्र में 4 मई को भी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। उस दौरान अली मोहम्मद, वसीम पठान, शाहरुख कुरैशी, साबरी नबी, गिरीश अखंडे, अनवर, फरहाबी, शाहिदा सहित अन्य लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर छोटे-छोटे भूखंड बनाकर की जा रही फेंसिंग और अतिक्रमण को नगर निगम की रिमूवल टीम ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से हटाया था। जांच में यह भी सामने आया है कि संबंधित भूमाफिया ने 100 से अधिक प्लॉट करीब 5 लाख रुपए प्रति प्लॉट की दर से बेचे। इससे आम लोगों के साथ 5 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी किए जाने के तथ्य सामने आए हैं।

#### चंदन नगर थाने में एफआईआर दर्ज

27 जुलाई को अज्जू खां के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) और 316(5) के तहत चंदन नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। निरीक्षण के दौरान सरकारी जमीन पर जरीना बी पति अनवर, बबली पति कैलाश और यासमीन मंसूरी पति साकिर टीनशेड से बने मकानों में रहते मिले। इनके खिलाफ राजस्व प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार बेदखली के आदेश जारी किए गए हैं।

---

### राजा मर्डर केस : सुप्रीम कोर्ट ने कहा था-तकनीकी कमी के आधार पर जमानत देना उचित नहीं

# सोनम रघुवंशी का शिलॉन्ग की कोर्ट में सरेंडर, अदालत ने जेल भेजा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी ने बुधवार को मेघालय की शिलॉन्ग कोर्ट में सरेंडर कर दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इससे पहले 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सोनम की जमानत रद्द करते हुए उसे तीन सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में सरेंडर करने का निर्देश दिया था। ये अवधि पूरी होने से पहले ही सोनम सरेंडर करने कोर्ट पहुंच गई।

अब इस बहुचर्चित हत्याकांड की न्यायिक प्रक्रिया और ट्रायल में तेजी आने की संभावना है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष अदालत के सामने सबूत और गवाहों के आधार पर अपना पक्ष रखेगा जबकि बचाव पक्ष अपनी दलीलें पेश करेगा।

सोनम के सरेंडर पर राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा- मैं मेघालय सरकार का धन्यवाद देना चाहूंगा कि उनकी वजह से आज हमें न्याय मिलने की उम्मीद जगी है।



#### गिरफ्तारी के आधार बताए गए थे, इसलिए जमानत गलत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 22(1) के तहत गिरफ्तारी के आधार की जानकारी देना अनिवार्य है, लेकिन इस मामले में गिरफ्तारी के आधार बताने में पूरी तरह नाकामी नहीं हुई थी। कोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारी के आधार बिल्कुल न बताना और उनमें कुछ जानकारियों का अपर्याप्त होना, दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं। इसलिए केवल तकनीकी कमी के आधार पर जमानत देना उचित नहीं था।

#### सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- जमानत देकर गलती की

इससे पहले 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने सोनम को तीन हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था- हाईकोर्ट और ट्रायल कोर्ट ने गिरफ्तारी के आधारों की जानकारी दिए जाने में कथित खामियों के आधार पर जमानत देकर गलती की थी। इसके साथ ही कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया था कि मामले का ट्रायल 6 महीने के भीतर पूरा किया जाए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि अगर तय अवधि में ट्रायल पूरा नहीं होता है तो सोनम रघुवंशी दोबारा जमानत के लिए आवेदन कर सकती है।

#### जमानत पर बाहर रहना ट्रायल को प्रभावित कर सकता है

कोर्ट ने यह भी कहा था कि सोनम ने मजिस्ट्रेट के सामने गिरफ्तारी के आधार और संबंधित दस्तावेज मिलने की पुष्टि की थी। यदि गिरफ्तारी की प्रक्रिया में कोई कमी भी हो, तब भी जांच एजेंसी जरूरत पड़ने पर दोबारा गिरफ्तारी कर सकती है। जस्टिस एमएम सुंदरेशन और जस्टिस पीबी वरेले की बेंच ने कहा था कि मेरिट के आधार पर सोनम की जमानत याचिकाएं पहले ही खारिज हो चुकी हैं और मुकदमे की सुनवाई शुरू हो गई है। ऐसे में इस चरण पर आरोपी का जमानत पर बाहर रहना ट्रायल को प्रभावित कर सकता है।

---

### नशे से दूर रहने के लिए सितारों का संदेश

# अभियान से जुड़ रहे क्रिकेटर टीवी और फिल्मी कलाकार



ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नशे से दूर रहने के लिए इंदौर पुलिस नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चला रही है। स्कूली बच्चों से लेकर आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। जनजागरूकता के लिए पुलिस अलग-अलग एक्टिविटि भी कर रही है। स्कूल-कॉलेजों में युवाओं को जागरूक करने के साथ ही पुलिस रैली, वॉकथॉन आदि भी शहर में कर चुकी है। इंदौर पुलिस के इस अभियान से क्रिकेट, फिल्मी और टीवी जगत की हस्तियां भी जुड़ रही है। वे भी नशे से दूर रहने के संदेश दे रहे हैं। बुधवार को पुलिस ने शहर के अलग-अलग स्कूलों में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के संदेशों एवं नशे के दुष्प्रभावों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी युक्त विशेष शैक्षणिक कॉपियों का वितरण किया गया, ताकि स्टूडेंट्स रोज पढ़ाई के साथ-साथ नशामुक्त जीवन का संदेश भी आत्मसात कर सकें।

इंदौर पुलिस के इस अभियान से क्रिकेट, फिल्म और टीवी जगत के कई सितारें जुड़े है। जिन्होंने नशे से दूर रहने के लिए अपने-अपने संदेश वीडियो के माध्यम से दिए है। भारतीय क्रिकेटर आवेश खान ने इस अभियान से जुड़कर युवाओं व लोगों से नशे के खिलाफ एकजुट होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जब इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन बस सकता है, तो आइए हम सब मिलकर इसे नशामुक्त समाज बनाने में भी नंबर वन बनाए। खुद नशे से दूर रहे, अपने परिवार और दोस्तों को भी जागरूक करें।

---

# पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े समेत 8 आरोपी बरी

### एमपी-एमएलए कोर्ट ने कहा- पुलिस से बहस करना शासकीय कार्य में बाधा नहीं

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की विशेष सांसद-विधायक कोर्ट ने वर्ष 2020 में आगर-मालवा के बड़ौद थाने में दर्ज शासकीय कार्य में बाधा, धमकी और पुलिस से अभद्रता के मामले में पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े समेत आठ आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

मंगलवार 28 जुलाई को दिए कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। उपलब्ध साक्ष्य और रिकॉर्ड इस बात की पुष्टि नहीं करते कि आरोपियों ने शासकीय कार्य में वास्तविक बाधा डाली या पुलिस पर आपराधिक बल का प्रयोग किया।

फैसले में कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी जनप्रतिनिधि या नागरिक का पुलिस अधिकारी से किसी मुद्दे पर विरोध जताना, सवाल पूछना या तर्क-वितर्क करना अपने आप में शासकीय कार्य में बाधा डालने का अपराध नहीं माना जा सकता।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 353 के तहत अपराध तभी बनता है, जब यह साबित हो कि लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए आरोपी ने आपराधिक बल का प्रयोग किया हो या हमला किया हो। केवल कहासुनी या विरोध दर्ज कराना इस धारा के तहत अपराध की श्रेणी में नहीं आता।

**सीसीटीवी फुटेज ने भी नहीं की आरोपों की पुष्टि-** सुनवाई के दौरान कोर्ट ने घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों का परीक्षण किया। कोर्ट ने पाया कि फुटेज में कहीं भी आरोपियों द्वारा टीआई या अन्य पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की, हाथापाई या बल प्रयोग करते हुए नहीं देखा गया। ऐसे में अभियोजन का यह दावा साक्ष्यों से पुष्ट नहीं हो सका।

---

# इंदौर मंडी में प्याज और टमाटर की आवक अच्छी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर मंडी में प्याज और टमाटर की आवक अच्छी है, जिससे थोक बाजार में भाव थोड़ा दबे हुए हैं। सोयाबीन और गेहूं की खरीद सीमित बताई जा रही है, जबकि अच्छी क्वालिटी के माल को बेहतर दाम मिल रहे हैं। बारिश की वजह से भी माल की आवक में कुछ उतार-चढ़ाव आ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि अगर अगले कुछ दिनों में मौसम ठीक रहा, तो आवक और कारोबार दोनों बढ़ सकते हैं।

इंदौर, देवी अहिल्याबाई होलकर फल-सब्जी मंडी के हिसाब से आज टमाटर करीब21 से 27 रुपये किलो हैं। बड़ा प्याज30 से 39 रुपये, छोटा प्याज48 से 62 रुपये, आलू 24 से 31 रुपये, और हरी मिर्च लगभग 56 से 73 रुपये प्रति किलो चल रही है। गाजर 47 से 61 रुपये, और चुकंदर37 से 48 रुपये के बीच में है।



**इंदौर अनाज मंडी के लेटेस्ट रेट इस प्रकार हैं:** गेहूं लगभग2550 से2720 रुपये प्रति क्विंटल, चना (देसी) 4590 से5805 रुपये प्रति क्विंटल, काबुली चना करीब 7980 रुपये प्रति क्विंटल, सोयाबीन क्वालिटी के हिसाब से लगभग3800 से4500 के बीच में, मक्का करीब 2173 रुपये प्रति क्विंटल, और मसूर लगभग4795 रुपये प्रति क्विंटल चल रही है।

इंदौर मंडी में प्याज, टमाटर, आलू, सोयाबीन, और गेहूं की आवक अच्छी बताई जा रही है। सब्ज़ियों में खासकर भिंडी, लौकी, करेला, बैंगन जैसी हरी सब्ज़ियों की आवक भी ठीक-ठाक है। अगर अनाज मंडी की बात करें तो सोयाबीन, गेहूं, मक्का और चना मुख्य आवक फसलें हैं।

इंदौर सराफा बाजार के आज के भाव के हिसाब से, 24 कैरेट सोना लगभग 14,594 रुपये प्रति ग्राम चल रहा है। 22 कैरेट सोना लगभग 13,375 रुपये प्रति ग्राम और 18 कैरेट करीब10,944 रुपये प्रति ग्राम है। चांदी999 का रेट लगभग240 रुपये प्रति ग्राम है। ध्यान रहे, सराफा बाजार में मेकिंग चार्ज, जीएसटी और दिनभर कीमतों में बदलाव के कारण असली खरीद कीमत थोड़ी अलग हो सकती है।

---

### जला हुआ शव मिला था, आरोपी बोला- चौपाटी से लौटे तो शादी का पूछा, उसने मना कर दिया

# फॉरेंसिक एक्सपर्ट के क्लू से सुलझी बैंककर्मी की मर्डर मिस्ट्री

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में बैंककर्मी पलक केशव का शव 25 जुलाई को किराये के कमरे में जला हुआ मिला था। शुरूआत में इस हादसा माना जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले ही फॉरेंसिक टीम ने पुलिस से मर्डर की आशंका जता दी थी।

दरअसल, युवती का शव एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। इस दौरान फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने पुलिस को संकेत दे दिए कि मौत जलने से नहीं हुई, बल्कि हत्या के बाद आग लगाकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश हुई है।

इसी इनपुट के आधार पर पुलिस ने जांच की दिशा बदली और दतिया से आरोपी बॉयफ्रेंड मयंक शाक्य को गिरफ्तार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि वह और पलक 5 वर्षों से एक-दूसरे से संपर्क में थे।



- युवती के सिर, गर्दन और चेहरे पर मिले चोट के निशान फॉरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. बजरंग कुमार सिंह ने बताया कि शव उनके पास पहुंचने पर पुलिस की ओर से इसे जलने से हुई मौत का मामला बताया गया था। पोस्टमार्टम करने वाली डॉ. केपी धुर्वे और डॉ. जिजीथ ने जांच के दौरान पाया कि शरीर पर मौजूद जलने के निशान मृत्यु के बाद के हैं।
- वहीं सिर, गर्दन और चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान मिले, जिससे स्पष्ट हो गया कि पहले युवती की हत्या की गई और बाद में शव को आग लगाकर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई। शव जलने के साथ सड़ भी चुका था, इसलिए मौत का सही कारण पता लगाना चुनौतीपूर्ण था।
- पोस्टमार्टम के दौरान वरिष्ठ अधिकारी भी रहें मौजूद डॉ. बजरंग कुमार सिंह ने कहा कि ऐसे संवेदनशील और संदिग्ध मामलों में पोस्टमार्टम के दौरान केवल पुलिसकर्मियों के बजाय जांच से जुड़े वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी भी जरूरी है। यदि अधिकारी चिकित्सकों से मौके पर ही चर्चा करें, तो जांच अधिक तेज और सटीक हो सकती है।

मयंक उससे शादी करना चाहता था, लेकिन पलक इसके लिए तैयार नहीं थी। शादी से इनकार करने पर नाराज मयंक दतिया से इंदौर पहुंचा। दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद आरोपी ने पलक का गला घोंट दिया।

बता दें, हरदा जिले के टिमरनी निवासी पलक इंदौर में किराए के कमरे में रहकर बैंक में नौकरी करती थी। कई बार पोस्टमार्टम के दौरान मिलने वाला छोटा-सा सुराग भी पूरे मामले की दिशा बदल देता है। पलक हत्याकांड इसका बड़ा उदाहरण है, जहां पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने से पहले ही फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने हत्या की आशंका जताई।

इसी इनपुट के आधार पर पुलिस ने जांच का फोकस बदला और कम समय में आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

शादी करने से इनकार करने पर की थी हत्या पुलिस को पूछताछ में आरोपित मयंक ने बताया कि पलक ने शादी करने से इनकार कर दिया था। इससे नाराज होकर गला घोंट कर हत्या की। मयंक और पलक पांच वर्षों से एक-दूसरे से संपर्क में थे। मयंक उससे शादी करना चाहता था, लेकिन पलक इसके लिए तैयार नहीं थी।

## परासिया-गढ़ाकोटा में नए सिविल न्यायालय भवनों का ई-लोकार्पण

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने बुधवार को परासिया, जिला छिंदवाड़ा और गढ़ाकोटा, जिला सागर में नवनिर्मित सिविल न्यायालय भवनों का ई-लोकार्पण किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति आनंद पाठक, न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल, न्यायमूर्ति विशाल धागत, न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा तथा उच्च न्यायालय के अन्य साथी न्यायाधीशगण एवं रजिस्ट्रार जनरल म प्र उच्च न्यायालय धरमिन्दर सिंह उपस्थित रहे। परासिया, जिला छिंदवाड़ा में लगभग 16.08 करोड़ की लागत से निर्मित नवीन न्यायालय भवन में 4 न्यायालय कक्ष सहित मालखाना, अभिलेख कक्ष, पुस्तकालय, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/बैठक कक्ष, जिला विधिक सहायता कार्यालय, शासकीय अधिवक्ता कक्ष, पृथक बार कक्ष, बैंक, एटीएम, क्रेच, पार्किंग सहित न्यायिक कार्यों एवं न्यायार्थियों की सुविधा हेतु आधुनिक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसी प्रकार गढ़ाकोटा, जिला सागर में लगभग 17.58 करोड़ की लागत से निर्मित नवीन न्यायालय भवन में 3 न्यायालय कक्ष के साथ ई-फाइलिंग सेंटर, मध्यस्थता कक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, केंद्रीय अभिलेख कक्ष, न्यायाधीश पुस्तकालय, महिला पीड़ित कक्ष, पृथक बार सुविधाएं, बैंक, एटीएम, औषधालय, कैंटीन, लिफ्ट, रैम्प, पार्किंग एवं अन्य आधुनिक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

## मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव का ऐलान, 17 अगस्त को मतदान

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ के बाद अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीखों का भी ऐलान हो गया है। सत्र 2026-28 के चुनाव की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। हाईकोर्ट बार के सदस्य नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 17 अगस्त 2026 को मतदान करेंगे, जबकि 18 अगस्त से मतगणना शुरू होगी। मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संजय सेठ के अनुसार चुनाव की पूरी प्रक्रिया मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के सिल्वर जुबली हॉल में संपन्न होगी। चुनाव को निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से कराने के लिए चार वरिष्ठ पर्यवेक्षकों के साथ 10 चुनाव अधिकारियों की टीम भी नियुक्त की गई है। जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई और 1 अगस्त को नामांकन पत्रों का वितरण किया जाएगा। उम्मीदवार 3 और 4 अगस्त को अपने नामांकन पत्र जमा कर सकेंगे। इसके बाद 5 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 6 अगस्त को उम्मीदवारों को नाम वापस लेने का अवसर मिलेगा और उसी दिन शाम को चुनाव मैदान में बचे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान 17 अगस्त को सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसके अगले दिन यानी 18 अगस्त से मतगणना शुरू होगी। मतगणना पूरी होने के बाद चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## मंदसौर कलेक्टर का सख्त संदेश,काम में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**मंदसौर।** मंदसौर जिले के नवागत कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने बुधवार को पदभार संभाल लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने देर शाम सुशासन भवन में जिला स्तरीय अधिकारियों की पहली समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम करने और जनहित से जुड़े मामलों को तेजी से निपटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक कामों में समयबद्धता और गंभीरता सबसे जरूरी है। किसी भी विभाग की लापरवाही या कार्यों में देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों के लक्ष्य तय करें और उन्हें निर्धारित समय सीमा में पूरा करना सुनिश्चित करें। पहली बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार:पॉक्सो एक्ट में जेल भेजा

**सतना।** सतना में नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में रामपुर बाघेलान थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान सराय निवासी विक्रम पुत्र इंद्रपाल केवट (23) के रूप में हुई है। आरोप है कि विक्रम पिछले कई दिनों से एक नाबालिग लड़की को परेशान कर रहा था। पुलिस के मुताबिक, परेशान होकर पीड़िता ने इस मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद मंगलवार को परिजन नाबालिग को लेकर रामपुर बाघेलान थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज किए और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी विक्रम केवट के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। बुधवार को पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए विक्रम केवट को गिरफ्तार कर लिया।

## रीवा शहर में बढ़ते अपराध के बीच स्टाफ की कमी बनी चुनौती

**रीवा।** रीवा शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले सात प्रमुख थानों में पुलिस बल की कमी सामने आई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार रीवा शहर के कोतवाली, सिविल लाइन, चोरहटा, विश्वविद्यालय, समान, बिछिया और अमहिया थानों में कुल 234 पुलिसकर्मी ही तैनात हैं। इन्हीं सीमित संसाधनों के सहारे पुलिस को अपराध नियंत्रण से लेकर वीआईपी ड्यूटी, धरना-प्रदर्शन, त्योहारों और रोजमर्रा की कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारियां निभानी पड़ रही हैं।

# एमपी में गुरु पूर्णिमा- दादा दरबार पहुंचे डेढ़ लाख श्रद्धालु, उज्जैन में एयर इंडिया के इंजीनियर और मुंबई के कारोबारी ने लिया संन्यास

**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मध्य प्रदेश के संत-समाधि और गुरु मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। खंडवा के श्री दादाजी धूनीवाले मंदिर में मंगलवार रात 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक डेढ़ लाख भक्तों ने बड़े दादाजी श्री केशवानंद महाराज और छोटे दादाजी श्री हरिहरानंद महाराज की समाधियों के दर्शन किए। वहीं उज्जैन के मौनी आश्रम में दो युवकों ने सांसारिक जीवन का त्याग कर संन्यास ग्रहण किया। बिहार के 25 वर्षीय मनीष कुमार ने एयर इंडिया में मेकेनिकल इंजीनियर की नौकरी छोड़ दी, जबकि बरेली निवासी 35 वर्षीय संचित शर्मा ने मुंबई में प्लेसमेंट एजेंसी का कारोबार त्यागकर संन्यास अपनाया। दोनों ने अपना पिंडदान करने के बाद दीक्षा ली। सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के सान्निध्य में हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु वंदन और विशेष पूजा-अर्चना की। पंडित मिश्रा ने गुरु पूर्णिमा के महत्व और गुरु-शिष्य परंपरा पर अपने विचार साझा किए।



### बागेश्वर धाम परिसर में ड्रोन कैमरों से निगरानी

बागेश्वर धाम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सबसे पहले बागेश्वर बालाजी और अपने गुरु संन्यासी बाबा की समाधि पर पादुका पूजन की। इसके बाद प्रेतराज के पेड़ के पास हनुमानजी के अष्टवीरों की तांत्रिक शिला स्थापित की गई। धाम में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात है। ड्रोन कैमरों से पूरे परिसर की निगरानी की जा रही है।

# दतिया उपचुनाव- 291 मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू, भाजपा उम्मीदवार वोट से पहले पीतांबरा मंदिर पहुंचे

**ब्रह्मास्त्र** ›› दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए गुरुवार सुबह 7 बजे से मतदान शांतिपूर्ण माहौल में जारी है और यह शाम 6 बजे तक चलेगा। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों समेत कई केंद्रों पर सुबह 7:40 बजे तक लंबी कतारें लग गईं। भाजपा प्रत्याशी आशीष तिवारी ने मतदान से पहले पीतांबरा पीठ में दर्शन कर दतिया के विकास, युवाओं को रोजगार और भयमुक्त दतिया के लिए प्रार्थना की। वहीं, कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने मतदान के बाद ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा कि मतदाता भाजपा के अहंकार को तोड़ेंगे।

जिले के 291 मतदान केंद्रों पर 2 लाख 20 हजार 400 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंजीत सिंह चावला ने नगर के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। एसएसबी सहित 16 सुरक्षा कंपनियों के 1422 जवानों की तैनाती की गई है, जबकि संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल लगाए गए हैं। सेक्टर मोबाइल दल लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं और मतदाताओं को निर्भय होकर मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



### कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने वोट डाला

कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने वोट डालने के बाद कहा- ऐतिहासिक जीत होने वाली है। उन्होंने कहा- मतदाता भाजपा के अहंकार को तोड़ेंगे। बसई में कांग्रेस के पोलिंग एजेंट को एंट्री नहीं देने को लेकर उन्होंने कहा- हमारा पोलिंग एजेंट 7 बजे के बाद बूथ पहुंचा तो पीठासीन अधिकारी उसे बैठने नहीं दे रहे। इसे लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे।

### दिग्विजय ने मंच से अवधेश से मांगी माफी थी

अवधेश नायक की नाराजगी के बीच कांग्रेस की सभा में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंच से उनसे सार्वजनिक माफी मांगी थी। उन्होंने कहा कि 2023 विधानसभा चुनाव में उन्होंने अवधेश नायक के टिकट का विरोध किया था, लेकिन बाद में उन्होंने पूरी ईमानदारी से पार्टी के लिए काम किया। यदि उनके किसी व्यवहार से नायक का अपमान हुआ हो तो वे उसके लिए क्षमा चाहते हैं। कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की बेटी मांडवी राजे ने मतदान कर दिया है।वोट डालने के बाद उन्होंने कहा- ₹शुरूआत बहुत अच्छी हुई है। सुबह से आकर मैंने अपना मतदान मेरे पिता और कांग्रेस पार्टी के लिए दिया है। रिजल्ट बहुत अच्छा होने वाला है। वो तो 3 तारीख को पता चलेगा। लोग अच्छी संख्या में वोटिंग करने आ रहे हैं और भगवान की कृपा से मौसम भी ठीक है, तो अच्छा रिजल्ट हम लोगों को मिलेगा।





## वर्चस्व की जंग; बाघ दिवस पर शावक सूखा की मौत

**ब्रह्मास्त्र** ›› बालाघाट

विश्व बाघ दिवस पर बालाघाट के जंगलों से दुखद खबर आई। लालबर्रा वन परिक्षेत्र के सोनवानी क्षेत्र (कक्ष क्रमांक-443) में बुधवार को 13 माह के नर बाघ ह्यसूखाह्न का शव मिला। यह शावक प्रसिद्ध गोरा बाघिन का बेटा था।

सूचना मिलते ही मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) गौरव चौधरी और कटंगी के एसडीओ यशपाल मेहरा मौके पर पहुंचे। पेंच टाइगर रिजर्व के वन्यजीव चिकित्सक डॉ. अखिलेश मिश्रा ने मौके पर पोस्टमार्टम किया। इसके बाद बाघ का अंतिम संस्कार किया गया। प्रारंभिक जांच और पीएम रिपोर्ट में बाघ के शरीर पर संघर्ष के निशान मिले हैं। उसकी मौत दूसरे बाघ के साथ क्षेत्रीय वर्चस्व को लेकर हुई भिड़ंत में हुई है। यहां बता दें कि मध्यप्रदेश में जनवरी 2027 से अब तक बाघों की मौतों की संख्या बढ़कर 46 पहुंच गई है।

## गवर्नमेंट प्रेस के 2 कर्मचारी सस्पेंड, रद्दी घोटाले में हुई पहली कार्रवाई

**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

मप्र के गवर्नमेंट प्रेस में रद्दी बिक्री में गड़बड़ी के मामले में दो कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। पांच अन्य कर्मचारी-अधिकारी भी जांच के दायरे में हैं। डिप्टी कंट्रोलर को सात दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। रद्दी उठाने वाली कंपनी मां ट्रेडर्स को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

22 जुलाई को भास्कर एप ने खुलासा किया था कि गवर्नमेंट प्रेस में रद्दी बिक्री के दौरान ट्रकों का वजन दस्तावेजों में कम दिखाया गया। करीब 15 टन रद्दी से भरे एक ट्रक का वजन रिकॉर्ड में करीब 3 टन दर्ज किया गया था। पड़ताल में ठेका लेने वाली मां ट्रेडर्स की भूमिका पर भी सवाल उठे थे।

खुलासे के बाद कंट्रोलर चंद्रशेखर वालिंबे ने निगरानी समिति के सभी सात सदस्यों से 24 घंटे में जवाब मांगा था।

संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए दोनों कर्मचारी रद्दी बिक्री की प्रक्रिया की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए गवर्नमेंट प्रेस ने सात सदस्यीय समिति बनाई थी। सदस्यों की जिम्मेदारी थी कि उनकी मौजूदगी में रद्दी की निकासी और तुलाई की प्रक्रिया पूरी हो। प्रभारी समय लेखक चंद्र सुरेश चौर और प्रभारी भंडारी संदीप श्रीवास्तव का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया।

### डिप्टी कंट्रोलर को सात दिन में जांच रिपोर्ट देने के आदेश

दो कर्मचारियों के सस्पेंशन के साथ पूरे मामले की जांच के आदेश भी दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि रद्दी से भरे ट्रकों को धर्मकांटे तक ले जाने के लिए बनाई गई निगरानी समिति ने अपने दायित्वों में लापरवाही बरती। डिप्टी कंट्रोलर लॉरेंस रॉबर्टसन को मामले की जांच सौंपी गई है। उन्हें सात दिन में जांच पूरी कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

### मां ट्रेडर्स को नोटिस, एग्रीमेंट खत्म करने की चेतावनी

गवर्नमेंट प्रेस से रद्दी उठाने का टेंडर भोपाल की मां ट्रेडर्स को मिला था। पड़ताल में सामने आया था कि रद्दी से भरे ट्रकों की तुलाई गोविंदपुरा के संजय धर्मकांटे पर हुई, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में मिसरोद के भवानी धर्मकांटे की रसीदें लगाई गईं।

## 15 क्रिमिनल केस, चुनाव हारे, बीजेपी ने बना दिया एल्डरमैन

**ब्रह्मास्त्र** ›› भिंड

भिंड नगर पालिका में एल्डरमैन की नियुक्ति को लेकर भारतीय जनता पार्टी अपनों के ही निशाने पर आ गई है। पार्टी ने जिस अजीत भदौरिया को एल्डरमैन मनोनीत किया है, उसका नाम पुलिस की हिस्ट्रीशीटर लिस्ट में दर्ज है। उसके खिलाफ 15 क्रिमिनल केस दर्ज हैं। वह नगर पालिका के फर्जी ऋछ्रूमामले में जेल भी जा चुका है। अब इस फैसले का विरोध भाजपा के भीतर से ही शुरू हो गया है। मामला प्रशासन तक पहुंच गया है।

हाल ही में भाजपा ने भिंड जिले में 53 एल्डरमैन मनोनीत किए हैं, जिनमें अजीत भदौरिया का नाम सबसे ज्यादा विवादों में है। नगर पालिका चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर अजीत भदौरिया ने निर्दलीय चुनाव लड़ा था। चुनाव में उसे हराने वाले भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी और मौजूदा पार्षद दशरथ सिंह भदौरिया ही अब उसके एल्डरमैन बनने का सबसे मुखर विरोध कर रहे हैं। भाजपा पार्षद दशरथ सिंह भदौरिया ने पूरे मामले की शिकायत आलाकमान और प्रशासन से की है। उनका कहना है कि अजीत भदौरिया के खिलाफ फर्जी ऋछ्रू, हाट-बाजार और पटरी वसूली की राशि जमा नहीं करने जैसे कई गंभीर केस दर्ज हैं। दशरथ सिंह के अनुसार, अजीत भदौरिया ने अपना आपराधिक रिकॉर्ड छिपाकर पार्टी को गुमराह किया है। ऐसे व्यक्ति को पद मिलने से वह अपने खिलाफ लंबित मामलों को प्रभावित कर सकता है।

## 7 अगस्त से गांव-गांव पहुंचेंगे अफसर, मौके पर सुलझेंगी शिकायतें



**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

राज्य सरकार के प्राथमिकता वाले मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान की शुरूआत 7 अगस्त से होगी। इससे पहले बुधवार को मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने प्रदेशभर के कलेक्टरों, संभागायुक्तों और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर अभियान की तैयारियों की समीक्षा की।

बतौर मुख्य सचिव पहली बार कलेक्टरों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वार्ड और पंचायत स्तर पर इकाइयां बनाकर शिविर से एक सप्ताह पहले क्षेत्र की समस्याओं और लंबित आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि अभियान के दौरान लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कलेक्टर, संभागायुक्त, जिला पंचायतों के सीईओ और अपर कलेक्टर स्तर के अधिकारी शामिल हुए। मुख्य सचिव ने कहा कि वार्ड और पंचायत स्तर पर इकाइयां बनाकर शिविर आयोजित किए जाएंगे। संबंधित क्षेत्रों में शिविर से पहले लंबित समस्याओं और नागरिकों के आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई पूरी की जाए। उन्होंने अभियान को परिणाम आधारित बनाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्रत्येक शुक्रवार को संभाग और जिला स्तर के अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे।

# मालवा-निमाड़ के इंदौर-उज्जैन समेत 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

**ब्रह्मास्त्र** ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। प्रदेश में मानसून ट्रफ, साइक्लोनिक सकुर्लेशन और शियर जोन समेत तीन मजबूत मौसम सिस्टम एक्टिव हैं। इनके असर से चार दिन तक खास कर मालवा-निमाड़ (इंदौर और उज्जैन संभाग) में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने गुरुवार को उज्जैन, सागर समेत 17 जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। 24 घंटे में कुछ जिलों में 4 इंच से ज्यादा बारिश हो सकती है। आईएमडी भोपाल के मुताबिक, धार, देवास, बुरहानपुर, हरदा और नर्मदापुरम में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, रायसेन, सागर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और सिवनी में भारी बारिश की चेतावनी है। इसके अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सतना समेत प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है।

मौसम विशेषज्ञ शैलेंद्र कुमार नायक के अनुसार, वर्तमान मौसम सिस्टम 2 अगस्त तक सक्रिय रहेंगे। इस दौरान कई जिलों में लगातार तेज बारिश और कुछ स्थानों पर अति भारी बारिश हो सकती है। बुधवार को रतलाम, बालाघाट, पचमढ़ी और भोपाल समेत कई इलाकों में बारिश दर्ज की गई।

बारिश के आंकड़ों में पूर्वी हिस्सा आगे निकला मौसम विभाग के अनुसार, अब तक प्रदेश में औसतन 14.1 इंच (359.3 मिमी) बारिश हुई है, जबकि इस अवधि तक 16.9 इंच (428.9 मिमी) बारिश हो जानी चाहिए थी। यानी, प्रदेश में अब तक 2.8 इंच (16 प्रतिशत) कम बारिश दर्ज की गई है। हालांकि, पूर्वी मध्य प्रदेश में 15 प्रतिशत और पश्चिमी मध्य प्रदेश में 17 प्रतिशत कम बारिश हुई है। लगातार बारिश होने से यह कमी आने वाले दिनों में पूरी हो सकती है।





### इन 47 जिलों में औसत से कम बारिश

अनूपपुर, बालाघाट, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडौरी, जबलपुर, कटनी, मैहर, मंडला, मऊगंज, नरसिंहपुर, निवाड़ी, पांढुर्णा, पन्ना, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली, टीकमगढ़, उमरिया, आगर-मालवा, आलीराजपुर, अशोकनगर, बड़वानी, बैतूल, दतिया, धार, गुना, ग्वालियर, हरदा, झाबुआ, खंडवा, खरगोन, मुरैना, नर्मदापुरम, नीमच, रायसेन, रतलाम, शाजापुर, श्योपुर, शिवपुरी, उज्जैन और विदिशा में औसत से कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं, भोपाल, भिंड, बुरहानपुर, देवास, इंदौर, मंदसौर, राजगढ़ और सीहोर में औसत से अधिक बारिश हो चुकी है। इनमें देवास में सामान्य से 29 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। जून के बाद जुलाई में भी आंकड़ा कम मौसम विभाग के अनुसार, जून में बारिश कम हुई थी। जुलाई के शुरूआती दिनों में तेज बारिश के कारण बारिश का आंकड़ा सामान्य के करीब पहुंच गया था, लेकिन पिछले 9 दिनों से तेज बारिश नहीं होने के कारण लगातार चौथे दिन प्रदेश बारिश के मामले में सामान्य से नीचे यानी माइनस में चल रहा है।

# पंजाब में 1 आधार कार्ड, 2 फोटो 90 करोड़ रुपए का फ्रॉड

## लुधियाना के युवक के नाम पर फर्जी कंपनियां खोलीं; रेड से पहले दफ्तर खाली

10 साल पहले विदेश भेजने का झांसा देकर एक युवक का आधार कार्ड लिया गया। अब उसी आधार नंबर पर दूसरी फोटो लगाकर 90 करोड़ की फर्जी बिलिंग का नेटवर्क खड़ा कर दिया गया। वाराणसी (उत्तर प्रदेश) में जीएसटी जांच के दौरान खुला यह खेल लुधियाना के चेत सिंह नगर तक पहुंचा। यूपी पुलिस ने आईपी एड्रेस ट्रेस कर किराए के दफ्तर तक पहुंचने की तैयारी कर ली थी, लेकिन रेड से पहले ही सर्च वारंट पर कोर्ट से स्टे मिल गया। पड़ोसियों ने दावा किया कि कुछ दिन पहले रात में लोग ऊपर से सामान निकालकर ले गए थे। वहीं, जिस युवक के नाम पर किरायानामा और आधार इस्तेमाल हुआ, उसने साफ कहा कि वह कभी लुधियाना गया ही नहीं।

### यूपी स्टेट टैक्स डिपार्टमेंट ने एफआईआर दर्ज करवाई

यूपी स्टेट टैक्स डिपार्टमेंट वाराणसी रेंज बी के अधिकारी कृपा कांत की शिकायत पर थाना चेतगंज (वाराणसी) में मुकदमा दर्ज कराया गया। टैक्स डिपार्टमेंट को जांच के दौरान एक फर्जी कंपनी सोहन एंटरप्राइजेज का पता चला। इसके बाद फर्जी कंपनी के मालिक बिजनौर निवासी सोहन कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई।

### कागजों पर बनाई गई फर्जी कंपनी

वाराणसी के चेतगंज स्थित लहुराबीर दुकान नंबर 121 के पते पर सोहन एंटरप्राइजेज (GSTIN: 09JQWPK7794A1ZW) नाम से एक कंपनी रजिस्टर कराई गई। कागजों में इस कंपनी का मालिक सोहन कुमार को दिखाया गया।

### वहां पर कोई दफ्तर ही नहीं था

FIR के मुताबिक 16 अप्रैल 2025 को जब टैक्स अधिकारी दुकान के पते पर जांच करने पहुंचे, तो बताए गए पते पर कोई कामकाज नहीं चल रहा था। दुकान का कब्जा पूरी तरह से फर्जी किराएनामे के आधार पर दिखाया गया था। मौके पर न तो कोई सामान था और न ही कोई कर्मचारी। कंपनी सिर्फ कागजों पर चल रही थी और कोई असली खरीद-बिक्री नहीं हो रही थी।

### 90 करोड़ रुपए के फर्जी बिल बनाए

सोहन एंटरप्राइजेज ने बिना किसी सामान या सर्विस दिए केवल जीएसटी पोर्टल पर फर्जी बिल चढ़ा दिए। कंपनी ने लगभग 90.25 करोड़ रुपए की फर्जी बिलिंग की और इससे लगभग 2.70 करोड़ रुपए का टैक्स रिफंड लिया। इस गिरोह ने बिना कोई माल बेचे या खरीदे, फर्जी कंपनियों के जरिए कागजी लेनदेन दिखाकर सरकार को करोड़ों रुपए के टैक्स का चूना लगाया।

### ज्यादातर बिलिंग पंजाब की कंपनियों के नाम

फर्जी बिलिंग जिन कंपनियों के नाम की गई उनमें ज्यादातर कंपनियां पंजाब के लुधियाना और आसपास की थी। ये कंपनियां सही हैं या फर्जी हैं अभी इस मामले की जांच चल रही है। उसमें खन्ना, मंडीगोबिंद गढ़ और लुधियाना की फैक्ट्रियों के नाम हैं।

### आईपी एड्रेस से मिला लुधियाना लिंक

यूपी पुलिस ने जब फर्जी बिलिंग करने वाले का आईपी एड्रेस ट्रेस किया तो पता चला कि यह आईपी एड्रेस लुधियाना के चेत सिंह नगर के हैं। आगे जांच में पता चला कि यह दफ्तर चेत सिंह नगर मकान नंबदर 3335 गली नंबर चार दानामंडी लुधियाना में है।

### नियम तोड़ किराए पर दिया मकान

पुलिस ने जब मकान मालिक के बारे में छानबीन की तो मकान मालिक का नाम शुभम शर्मा पता चला। फिर पुलिस को पता चला कि शुभम शर्मा ने यह मकान यह मकान हरविंदर सिंह को किराए पर दिया है। जिसे हरविंदर सिंह ने नियम तोड़कर आरोपी संदीप सिंह को आगे किराए (सब-लेट) पर दे दिया गया था।

---

### अमृतसर में मौलवी के पास जाते हुए रोका

# निहंग बोला- मस्जिद जाने वाला सिख पगड़ी का हकदार नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में निहंग ने मौलवी के पास जाते सिख को रोक लिया। निहंग भूपिंदर सिंह बग्गा ने कहा- सिख होते हुए कई लोग मुसलमानों की मस्जिदों में जा रहे हैं। ऐसे लोग सिख नहीं हैं और न ही सिर पर पगड़ी बांधने के हकदार।

निहंग के रोकने के बावजूद सिख छिपकर मस्जिद पर चला गया। निहंग ने उस पर नजर रखी और लौटते हुए उसे फिर रोक लिया। निहंग ने वीडियो बनाते हुए उससे पूछा तो उसने बताया कि उसकी भैंस के गर्भाशय में गांठ पड़ गई थी जिससे मौलवी के पास गया था।

सिख व्यक्ति ने कहा कि उसने न तो मौलवी के वहां माथा टेका और न ही कुछ धागा-तावीज लेकर आया। इस पर निहंग भड़क गया और बोला कि मौलवी से बात करवाओ।

निहंग भूपिंदर सिंह ने मौलवी को कॉल लगा ली और धमकी दी कि एक हफ्ते के अंदर गांव को खाली कर यहां से चला जाए। निहंग ने कहा कि वह इस मस्जिद में जाने वाले व्यक्ति, उसके गांव के यहां जाने वाले लोगों और मौलवी के खिलाफ अब प्रदर्शन भी करेगा और पंचायत बुलवाएगा।

### वीडियो डालने के लिए मजबूर किया

निहंग भूपिंदर सिंह बग्गा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर कर कहा कि सदारंग निवासी 'काका' नाम का व्यक्ति मेहता क्षेत्र का रहने वाला है। वह उनके गांव बग्गा स्थित मस्जिद में गया था। पहले वह वापस लौट गया था, इसलिए वीडियो सार्वजनिक नहीं की। लेकिन बाद में वह दोबारा चोरी-छिपे मस्जिद में पहुंचा, जिसके बाद उन्हें वीडियो जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। भूपिंदर सिंह बग्गा ने आरोप लगाया कि गांव में गुज्जरों द्वारा बनाई गई मस्जिद में मौजूद मौलवी जादू-टोना करता है। उनका दावा है कि वह पहले भी गांव के लोगों, पंचायत और धार्मिक नेताओं को वीडियो के जरिए सबूत दे चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि कुछ अमृतधारी सिख व ग्रामीण भी वहां जाते हैं, लेकिन खुलकर बोलने को तैयार नहीं हैं। निहंग ने दावा किया कि करीब 50 गांवों के मृतकों को लाकर मस्जिद के पास दफनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब यदि कोई बाहरी व्यक्ति वहां शव दफनाने आएगा तो वह इसका विरोध करेंगे। उनका यह भी आरोप है कि संबंधित व्यक्ति रोकने के बावजूद मस्जिद में गया और वहां से कोई ताबीज या धागा लेकर बाहर निकला।

---

# सरकार ने माना- ई-20 पेट्रोल से बीएस-3 गाड़ियों को नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को पहली बार माना कि ई-20 पेट्रोल (20% एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) इस्तेमाल करने से गाड़ियों को नुकसान पहुंच सकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में लिखित जवाब में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा- बीएस-3 मानक वाली कुछ पुरानी गाड़ियों में ई-20 के कारण कुछ रबर पाट्र्स और गैस्केट बदलने पड़ सकते हैं। ये गाड़ियां मुख्य रूप से 2005 से 2016 के बीच बने हैं। ये पाट्र्स नियमित सर्विसिंग के दौरान आसानी से बदले जा सकते हैं।

गडकरी ने कहा कि स्टडीज में ई-20 से गाड़ियों की कुल परफॉर्मेंस या टिकाऊपन पर कोई बड़ा असर नहीं पाया गया है। उन्होंने यह कहा कि इन गाड़ियों के इंजन में किसी तरह का बदलाव कराने की जरूरत नहीं है। यह पहली बार है, जब गडकरी ने इस तरह की बात कही है। उन्होंने बताया कि इंडियन ऑयल, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोलियम, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) व ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने दोपहिया-चारपहिया वाहनों पर ई-20 ईंधन की स्टडी की थी। गडकरी ने यह भी कहा कि वाहन का माइलेज सिर्फ ईंधन पर निर्भर नहीं करता, बल्कि ड्राइविंग स्टाइल, सड़क की स्थिति, रखरखाव और अन्य कारकों से भी प्रभावित होता है। इसका इस्तेमाल दुनिया में एक सदी से ज्यादा समय से हो रहा है।

यूरो-4 से नीचे के जितने भी व्हीकल्स हैं, उनमें जरूरत पड़ सकती है। संसद में पेश जवाब के मुताबिक, 1 अप्रैल 2005 से लागू बीएस-3 मानक के तहत 2016 से पहले बने दोपहिया और चारपहिया वाहन इसके दायरे में हैं। यह गाड़ी और मॉडल पर निर्भर है। मर्सिडीज में महंगा, तो मारुति सस्ता पड़ सकता है। दोपहिया में 500 से 1500 रुपए और फोरव्हीलर में 2 हजार से 8 हजार तक खर्च आ सकता है।

---

### सरकार ने संसद में बताया

# अहमदाबाद विमान हादसे की वजह फ्यूल-स्विच में खराबी नहीं: दावा था कि इसी वजह से इंजन बंद हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

अहमदाबाद विमान हादसे की वजह फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी नहीं थी। यह जानकारी सरकार ने राज्यसभा में बुधवार को दी। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि विमान निमार्ता कंपनी के एडवांस टेस्ट में भी इस सिस्टम में किसी तरह की खामी सामने नहीं आई है। हालांकि, पिछले साल जारी अअक्ह की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में दावा किया गया था कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद हो गए थे। इससे दोनों इंजन बंद हो गए थे।

पिछले साल 12 जून 2025 को लंदन जाने वाली अक-171 फ्लाइट मेघानीनगर में बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराकर क्रैश हो गई थी। इस हादसे में 241 पैसेंजर और जमीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई थी। सिर्फ एक यात्री जिंदा बचा था।



सरकार ने यह भी साफ किया कि विमान हादसे की जांच रिपोर्ट जारी होने में देरी नहीं हुई है। दरअसल यह सवाल राज्यसभा सांसद जेबी मेथर हिशाम ने पूछा था। हिशाम ने पूछा- हादसे के एक साल से अधिक समय बाद भी अंतिम रिपोर्ट क्यों जारी नहीं हुई, क्या जांच में पायलटों की भूमिका भी देखी जा रही है और रिपोर्ट कब सार्वजनिक होगी। सरकार ने कहा कि इतने बड़े विमान हादसों की जांच किसी तय समय सीमा में पूरी नहीं की जा सकती। जांच कई तकनीकी पहलुओं और लगातार बदलती परिस्थितियों पर निर्भर करती है। जांच पूरी होने के बाद अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक होगी।

### शुरूआती रिपोर्ट में फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद होने की बात थी

पिछले साल जारी एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (अअक्ह) की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दोनों इंजनों के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद हो गए थे। इससे दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई और इंजन बंद हो गए। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग में दोनों पायलटों के बीच हुई एक संक्षिप्त बातचीत भी दर्ज हुई थी। इसमें एक पायलट दूसरे से पूछता सुनाई देता है कि स्विच क्यों बदले गए, जबकि दूसरा पायलट ऐसा करने से इनकार करता है। इसके बाद यह सवाल उठा कि स्विच किसी पायलट ने बदले थे या इसके पीछे कोई तकनीकी खराबी थी। सरकार ने फिलहाल अंतिम जांच रिपोर्ट जारी करने की कोई तारीख नहीं बताई है। मुरलीधर मोहोल ने कहा कि जांच अभी जारी है और सभी संभावित कारणों की पड़ताल पूरी होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी।

---

# उत्तराखंड में भारी बारिश, चार धाम यात्रा रुकी, छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत

### राजस्थान के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के बाद चार धाम यात्रा 2 दिन के लिए रोक दी गई है। चंपावत, बागेश्वर और टिहरी में 12वीं तक के स्कूल-आंगनवाड़ी में छुट्टी कर दी गई है।

राजस्थान के धौलपुर में तेज बारिश से बाजारों में पानी भर गया। वहीं, राज्य के 22 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ से टाटा मोटर्स के साणंद प्लांट और आसपास मौजूद कई सप्लायर की यूनिट बंद करानी पड़ीं।

छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने की तीन घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश की चेतावनी है। देश के ऊपर दो सिस्टम मौजूद हैं। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ होते हुए आगे बढ़ रहा है। क्टऊ ने 4-5 दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से ज्यादा और पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है। दिल्ली में मंगलवार को 50 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। मौसम विभाग (क्टऊ) के मुताबिक 4 मानसूनी सिस्टम ने ये बारिश कराई। इसके चलते मेट्रो स्टेशन और कई सड़कों पर पानी भर गया, 36 पेड़ गिर गए। वाटरलॉगिंग की 136 शिकायतें दर्ज की गईं। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में लगातार चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदियां उफान पर हैं, पानी भरने से फसलों को नुकसान पहुंचा है और कई पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई हैं। हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के नाहन सब-डिवीजन में बुधवार को भारी बारिश के ऑरेंज अलर्ट के चलते सभी सरकारी-निजी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। हालांकि पहले से तय परीक्षाएं अपने निर्धारित समय पर होंगी।

### हरिद्वार में कांवड़िया बहा, रुद्रप्रयाग में कार पर गिरा बोल्डर

**नई दिल्ली।** देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान समेत 16 राज्यों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के 7 जिलों में बुधवार को बारिश हुई। हरिद्वार में गंगा के तेज बहाव में गंगाजल भरते समय युवक बहने लगा। घाट पर ड्यूटी कर रही रअफ्रक्र टीम नेउसे बचा लिया। वहीं, रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में मूसलाधार बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। सिल्ली के पास मलबा आने से हाईवे कुछ देर बाधित रहा, जबकि पेट्रोल पंप के पास पहाड़ी से बोल्डर गिरने से एक कार दब गई। मध्य प्रदेश के बालाघाट में दो दिनों से लगातार बारिश के कारण बीते 24 घंटे में करीब 3 इंच पानी गिरा। इससे दैतबर्रा-मंगलेगांव पुल, टोंडिया नाला और थानेगांव का नाला उफान पर आ गए। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में उफनते सरगी नाले को पार करते समय एक शख्स बह गया।

---

# राहुल बोले- छात्रों पर दिल्ली में पैलेट गन चली, नुकीली लाठियां मारी गईं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने बुधवार शाम को कहा, ह्यआज मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया गया। रिजिजू और राजनाथ सिंह जी को बोलने दिया गया। इसकी वजह है कि मैंने अमित शाह के बारे में कहा कि वह छात्रों पर हुई बर्बरता के लिए जिम्मेदार हैं। उन्हें इस्तीफा देना चाहिए। राहुल ने कहा कि सदन में मुझसे कहा गया कि मैं माफी मांगूंगा, इसके बाद मुझे बोलने दिया जाएगा। नेता प्रतिपक्ष के रूप में मेरा कर्तव्य है कि देश के मुद्दे उठाऊं। संसद से 500 मीटर तक देश के छात्रों को पीटा गया। छात्रों पर पैलेट गन चलाई गईं। एक छात्र की आंख की रोशनी चली गई। मैंने मेडिकल सर्टिफिकेट में यह देखा। छात्रों पर कील लगी लाठियां चलाई गईं। राहुल ने एक छात्र का चेहरा दिखाते हुए कहा कि उस पर पैलेट गन चलाई गई, जिससे उसकी आंख में चोट लगी। महिलाओं को पुलिसकर्मियों ने थप्पड़ मारा। गृह मंत्री अमित शाह ने पैलेट गन चलाने, लाठीचार्ज करने और इलेक्ट्रिक बैटन इस्तेमाल करने का आदेश दिया।

---

# पंजाब में बेडरूम के नीचे शराब का टैंक मिला

### 8 फीट नीचे दबाई थी 1 हजार लीटर की टंकी, टुल्लू पंप से होती थी सप्लाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कपूरथला

कपूरथला में आबकारी विभाग और पुलिस ने अवैध शराब के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। यहां एक मकान के बेडरूम के फर्श को तोड़ने पर करीब 8 फीट नीचे करीब 1000 लीटर क्षमता की टंकी मिली। इसमें स्पिरिट से तैयार अवैध शराब छिपाकर रखी जाती थी। टंकी से शराब निकालने के लिए टुल्लू पंप और पाइपलाइन सिस्टम लगाया गया था। पुलिस ने खुदवाई करवाकर टंकी को निकाला।

मौके से 270 लीटर अवैध शराब और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण भी बरामद किए गए। पुलिस की ये रेड करीब 18 घंटे तक चली। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा आरोपी फरार है।

आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि गांव नवां पिंड भट्ठे में एक मकान से अवैध शराब का कारोबार चल रहा है।



इसके बाद 28 जुलाई को सुबह आबकारी विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने मकान पर दबिश दी। शुरूआत में घर की तलाशी के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन बेडरूम के फर्श पर शक होने पर टीम ने कंक्रीट तोड़ना शुरू किया। करीब 8 फीट नीचे खुदाई करने पर बड़ी अंडरग्राउंड टंकी मिली, जिसे बेहद शातिर तरीके से छिपाया गया था।

एक्साइज इंस्पेक्टर जतिंदर पाल सिंह ने बताया कि टंकी में स्पिरिट से तैयार अवैध शराब स्टोर की जाती थी। टंकी से एक पाइपलाइन सीधे टुल्लू पंप से जुड़ी हुई थी। जब भी सप्लाई करनी होती, पंप के जरिए जरूरत के मुताबिक शराब निकालकर अलग-अलग जगह भेज दी जाती थी। उन्होंने बताया कि स्पिरिट से तैयार इस शराब का कोई गुणवत्ता मानक (पैरामीटर) नहीं होता, इसलिए इसे जहरीली शराब माना जाता है और इसका सेवन जानलेवा साबित हो सकता है।

---

# लोकसभा में राहुल की 50 मिनट की स्पीच, जमकर हंगामा

### 'इडियट' शब्द बोलने पर स्पीकर ने 11 बार, रिजिजू ने 7 बार टोका, कहा- माफी मांगें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक से जुड़े बिल पर 50 मिनट स्पीच दी। उन्होंने इडियट और अंधभक्त जैसे शब्द बोले। फिर कहा कि गृहमंत्री ने दिल्ली में छात्रों पर फायरिंग के आदेश दिए। इसको लेकर सत्तापक्ष ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा से बिल हंगामे के बीच पारित हुआ।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 7 बार खड़े होकर राहुल को टोका और संसदीय नियम का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए। इस पर राहुल ने कहा, ह्यअगर आप चाहते हैं कि देश में सिर्फ बीजेपी बोले तो मैं चुप होकर बैठ जाता हूं।

स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल को 11 से ज्यादा बार टोका। कहा कि वे इस तरह के असंसदीय शब्द नहीं बोल सकते। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पीकर से कहा- इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटा दिया जाए।



राहुल ने कहा, देश का भविष्य सड़कों पर उतरा। प्रदर्शन में गुस्सा, नफरत नहीं थी। वे केवल अपनी आवाज उठा रहे थे। अगर भाजपा के मेरे मित्र अपने बच्चों से पूछें कि उनके भाई-बहन जो कर रहे हैं, उसके बारे में वे क्या सोचते हैं, तो उन्हें अपने बच्चों का भी समर्थन ही मिलेगा। राहुल गांधी ने कहा, 'मैंने कई छात्रों से बातचीत की। खासकर लवली नाम की एक 18 साल की छात्रा से। राहुल ने उसी बातचीत का हवाला देते हुए 'इडियट' और 'अंधभक्त' वाले उदाहरण दिए। सत्ता पक्ष ने इसे असंसदीय बताया। स्पीकर ओम बिड़ला ने इन शब्दों को कार्यवाही से हटाने का आदेश दिया।

### छात्रों पर गोली चलाने का आरोप

राहुल ने आरोप लगाया कि दिल्ली में छात्रों के प्रदर्शन के दौरान गृहमंत्री ने गोली और पैलेट गन चलाने की अनुमति दी। किरेन रिजिजू ने इसे गंभीर और निराधार आरोप बताते हुए राहुल से माफी की मांग की। राहुल ने कहा कि पेपर लीक से छात्रों का भविष्य बर्बाद हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा व्यवस्था शिक्षा मंत्रालय नहीं, बल्कि फरर चला रहा है और धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा केवल दिखावा है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 30 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

मानापमानयोस्तुल्यस्तुल्यो मित्रारिपक्षयोः।
सर्वारम्भपरित्यागी गुणातीतः सा उच्यते॥

**भावार्थ** : जो मान और अपमान में सम है, मित्र और वैरी के पक्ष में भी सम है एवं सम्पूर्ण आरम्भों में कर्तापन के अभिमान से रहित है, वह पुरुष गुणातीत कहा जाता है।

कर्मणः सुकृतस्याहुः सात्त्विकं निर्मलं फलम्।
रजसस्तु फलं दुःखमज्ञानं तमसः फलम्॥

**भावार्थ** : श्रेष्ठ कर्म का तो सात्त्विक अर्थात् सुख, ज्ञान और वैराग्यादि निर्मल फल कहा है, राजस कर्म का फल दुःख एवं तामस कर्म का फल अज्ञान कहा है।

## जयपुरस्य विपण्यां दिवसप्रकाशे ताडितः युवकः ४२ निमेषेषु चत्वार

ब्रह्मास्त्र ›› जयपुर

राजस्थानस्य राजधानी जयपुरे कानूनव्यवस्थां चुनौतीं दत्तवती सनसनीभूता घटना प्रकाशं प्राप्तवती अस्ति। बुधवासरे मनसरोवरपुलिसस्थानक्षेत्रे आलीशानस्थानम् इति मन्यते दुष्टाः दिवसप्रकाशे मार्गस्य मध्ये एकं युवकं निर्ममतया ताडयित्वा मृतवन्तः। अपराधः एतावता वेगेन साहसेन च निष्पादितः यत् प्रेक्षकाः आतङ्किताः एव अवशिष्टाः आसन्। सामाजिकमाध्यमेषु अपि अस्य घटनायाः एकः भिडियो वायरल् भवति, यत्र आक्रमणकारिणः युवकानाम् उपरि बहुवारं आक्रमणं कुर्वन्ति इति दृश्यते।

## सम्पादकीयम्

### अपमानेषु हसन्ति गम्भीराः प्रश्नाः

यथार्थतया केवलं हास्यं कुर्वन्ति इति विश्वासं कुर्वन्ति। अपमानेषु हसन्ति, गम्भीराः प्रश्नाः अतः समस्या केवलं तस्य युवकस्य विषये एव नास्ति। समस्या अस्ति यत्...यत्र जनाः हसन्ति स्म तस्य सभागारस्य विषये अस्ति। समस्या हास्यस्य ब्राण्ड् मध्ये अस्ति यत् अपमानं मुष्टिरेखारूपेण परिणमयति। तथा च बृहत्तमा समस्या तत् सामूहिकं हास्यं, यत् क्रमेण अपमानं सामान्यं करोति। सत्यं तु एतत् यत् प्रायः स्त्रियः अपि अस्मिन् हास्ये सम्मिलिताः भवन्ति। एतत् कण्डिशनिङ्ग इति उच्यते– अथवा सरलतया वक्तुं शक्यते यत् अपमानस्य अभ्यासः भवति। यदा भवन्तः बहुवारं कथ्यन्ते यत् हास्यस्य बट् भवितुं सामान्यम् अस्ति तदा एकस्मिन् दिने भवन्तः स्वयमेव तस्य हास्यस्य भागः भवितुम् आरभन्ते। स्त्रीविरोधी हास्यं विस्मरतु; मातृभगिनीनां अश्लीलवाक्यानि अपि एतावन्तः सामान्यीकृताः यत् प्रायः युवतयः तान् प्रयुञ्जते इति श्रूयते। अत एव युवकेन सह घटितस्य घटनायाः अनन्तरं एकस्याः महिलायाः चिकित्साशास्त्रस्य छात्रायाः एकः भिडियो अपि वायरल् अभवत्। प्रनीतस्य एकस्मात् कार्यक्रमात् आसीत्, सा च यथा वयं प्रायः पुरुषैः सह सङ्गच्छामः तथा आकस्मिकतया आक्षेपार्हं वदति स्म। सामाजिकमाध्यमेन सत्यं प्रकाशितम्।

**लोकसभाद्वारा पारित नवीन कागज लीकविरोधी विधेयक**

# अपराधिनः १० वर्षस्य कारावासस्य अवधिः १० कोटिपर्यन्तं दण्डस्य च सामनां कुर्वन्ति

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली



जनपरीक्षा (अनुचितसाधननिवारण) संशोधनविधेयकं २०२६ बुधवासरे २९ जुलैदिनाङ्के लोकसभायां स्वरमतेन पारितम्। विधेयकस्य विषये दीर्घविमर्शानन्तरं सदनस्य कार्यवाही गुरुवासरे प्रातः ११ वादनपर्यन्तं स्थगिता। कानूनस्य लीकसम्बद्धेषु कठोरतरकानूनेषु प्रवर्तनं कृतम् अस्ति, यत्र कागदस्य लीकसम्बद्धानां अपराधानां कृते अधिकतमं १० वर्षाणां कारावासस्य अवधिः, १० कोटिपर्यन्तं दण्डः च भवति।

विधेयकस्य विषये चचार्याः समये केन्द्रीयमन्त्री जितेन्द्रसिंहः विपक्षस्य विशेषतः लोकसभायां विपक्षस्य नेतारं प्रति तीव्रं आक्रमणं कृतवान्। सः अवदत् यत् एतादृशे महत्त्वपूर्णे विधेयके रचनात्मकसूचनानि दातुं स्थाने विपक्षः अस्य विषयस्य राजनीतिकरणं करोति।

जितेन्द्रसिंहः टिप्पणीं कृतवान् यत्, प्रथमतया विपक्षस्य आचरणम् अत्यन्तं निराशाजनकम् अस्ति। एतादृशे गम्भीरे महत्त्वपूर्णे च विधेयके रचनात्मकसुझावः प्रदातुं स्थाने-यत् प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदीप्रतिबद्धतां प्रतिबिम्बयति-विपक्षः राजनीतिषु प्रवृत्तः अस्ति। विपक्षनेतृणा प्रयुक्ता भाषा न केवलं असंसदीयम् आसीत् अपितु एतावता अनुचिता आसीत् यत् अहं पुनः पुनः वक्तुं अपि न इच्छामि।. यः कश्चित् स्वं शिक्षितं संसदपरम्पराभिः परिचितं च मन्यते सः ज्ञातव्यः यत् सदनस्य अन्तः एतादृशी भाषा प्रयोक्तुं न शक्यते।

सः अपि अवदत् यत् विपक्षस्य नेतारस्य कृते देशस्य युवानः मूर्खाः इति वक्तुं अतीव दुर्भाग्यम् अस्ति। सः अवदत्, अस्य देशस्य युवानः---राष्ट्रस्य भविष्यं के सन्ति---मूर्खाः इति वक्तुं किं दुर्भाग्यं भवेत्? किं सः संसदीयकार्यवाहीनां मूलभूतनियमानां शिष्टाचारस्य च विषये अपि अवगतः अस्ति वा इति।

जुलैमासस्य २१ दिनाङ्कस्य घटनानां उल्लेखं कृत्वा केन्द्रीयमन्त्री विपक्षस्य नेतारं प्रति खननं कृतवान्। सः अवदत् यत्, जुलाई-मासस्य २१ दिनाङ्के सम्भवतः विशिष्टचिन्तनवृत्त्या चालितः विपक्षस्य नेता ७ एलकेएम इत्यत्र प्रधानमन्त्रिणः निवासस्थानस्य बहिः गत्वा उपविष्टवान्। इदं प्रतीयते स्म यत् सः देशस्य कृते गभीरा इच्छां धारयति यत् सः तं चयनं कृत्वा ७ एलकेएम अन्तः स्थापयति। यदा एषा कामना न सिद्धा तदा सः निराशा विषादः च द्वारे उपविष्टवान्। यदा तस्मै विनयेन व्याख्यातं यत् एतादृशः व्यवहारः तस्य पदस्य, कदस्य च अनुकूलः नास्ति तदा सः केवलं तस्मात् स्थानात् निष्कासनं याचितवान्।

सदने उद्धृतस्य अन्यस्य विषयस्य प्रतिक्रियारूपेण जितेन्द्रसिंहः अवदत् यत् प्रश्नास्पदस्य घटनायाः समये कोऽपि गोलिकाप्रहारः न कृतः; तस्य स्थाने केवलं अश्रुवायुः एव उपयुज्यते स्म। सः पुनः अवदत् यत् गोलीकाण्डः न अभवत् इति बहुवारं स्पष्टीकृतम्। यतो हि शूटिंग न प्रक्षिप्तम्, अतः अग्निप्रहारस्य आदेशः निर्गन्तुं प्रश्नः न उद्भवति। अपि च एतादृशं आदेशं निर्गन्तुं अधिकारः न्यायाधीशस्य एव भवति, न तु मन्त्रिणः। ज्ञातव्यं यत् लोकसभायाः चचार्याः अनन्तरं सार्वजनिकपरीक्षा (अनुचितसाधननिवारण) संशोधनविधेयकं २०२६ पारितम्। तदनन्तरं गुरुवासरे प्रातः ११ वादनपर्यन्तं सदनस्य कार्यवाही स्थगितवती।

**अधुना एव अत्र रङ्गिणः**

## आफ्रिका-देशस्य तुराको-वृक्षाः विदेशीयशुकानाम्

ब्रह्मास्त्र ›› इन्दौर

वन्यजीवानां अतिरिक्तं विदेशीयपक्षिणां नूतनानां प्रजातीनां अपि चिडियाघरस्य प्रवेशः क्रियते। अधुना एव अत्र रङ्गिणः आफ्रिका-देशस्य तुराको-वृक्षाः, विदेशीयशुकानाम् अनेकाः प्रजातयः च आनीताः सन्ति। पर्यटकानां कृते मकावः पूर्वमेव प्रमुखं आकर्षणं वर्तते। एतेषां पक्षिणां कृते आधुनिकं पक्षिगृहं विकसितं भवति, यत्र तेषां प्राकृतिकव्यवहारस्य जीवनशैल्याः च अनुरूपं वातावरणं दृश्यते। एतेन उत्तमसंरक्षणस्य सुविधा भविष्यति, पर्यटकानां कृते दुर्लभजातीयानां निकटतः अवलोकनस्य अवसरः प्राप्यते।

चिडियाघरस्य वन्यजीवसुविधानां पार्श्वे प्रौद्योगिकीसुविधानां विस्तारः अपि क्रियते। देशस्य प्रथमस्य अत्याधुनिकस्य रङ्गमण्डपस्य निमार्णं सम्पन्नं भवति। अधिकारिणां मते पटलस्य स्थापना समाप्तम् अस्ति, अवशिष्टं कार्यं च आगामिसप्ताहस्य अन्तः सम्पन्नं भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। वन्यजीवसंरक्षणं, वनजैवविविधता, पर्यावरणसंरक्षणं च केन्द्रीकृतानि विशेषचलच्चित्राणि नाट्यगृहे प्रदर्शितानि भविष्यन्ति, येषु आधुनिकध्वनिः, स्पन्दनः, वायुः, जलं, अन्यविशेषप्रभावाः च दृश्यन्ते एतेन प्रेक्षकाणां कृते विमर्शात्मकः अनुभवः भविष्यति, येन ते वनस्य मध्ये एव सन्ति इव अनुभूयन्ते। एषा सुविधा विशेषतः बालकानां छात्राणां च कृते शिक्षायाः मनोरञ्जनस्य च अद्वितीयमाध्यमरूपेण कार्यं करिष्यति। अस्मिन् वर्षे चिडियाघरस्य अनेकवन्यजीवपरिवारेषु नूतनानां सदस्यानां आगमनेन पर्यटनस्य उत्साहः अपि वर्धितः अस्ति। जनवरीमासे श्वेतव्याघ्रा 'पहार' त्रयः शावकान् जनयति स्म-द्वौ श्वेतवर्णीयौ, एकः सामान्यवर्णस्य च। मार्चमासे 'मेघा' सिंहिका सप्तमवारं माता अभवत्, ततः त्रीणि स्वस्थशावकाः प्रसवम् अकरोत्।

## राशिफल

**मेष** : प्रेम संबंधों में सरप्राइज की उम्मीद करें। आज के दिन काम पर नई चुनौतियों का सामना करना सुनिश्चित करें।

**वृषभ** : आज रोमांस से जुड़े मुद्दों को सॉल्व करना और रिश्ते को बनाए रखने के लिए नए तरीके अपनाना अच्छा रहेगा।

**मिथुन** : आज आप ऐसी सिचुएशन का सामना कर सकते हैं, जो आपकी क्षमता की परीक्षा लेगी।

**कर्क** : कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन जीवन के विभिन्न पहलुओं में अवसरों का लाभ उठाने का दिन है।

**सिंह** : आज अपनी रोमांटिक लव लाइफ का आनंद लें। प्रोफेशनल बिहेवियर अपनाएं, जिससे परिणाम बेहतरीन होंगे।

**कन्या** : सुनिश्चित करें कि लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नौकरी में नई चुनौतियां लें। वित्तीय सफलता भी मिलती है।

**तुला** : आज का दिन नए रास्ते तलाशने के अवसरों से भरा है। खुद पर भरोसा करें यह चुनौतियों से निपटने में आपकी मदद करेगा।

**वृश्चिक** : भावनात्मक संतुलन व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने वाले अवसरों को भुनाने में मार्गदर्शन करेगा।

**धनु** : प्यार जताने के लिए सुखद अवसरों की तलाश करें। इस सप्ताह वित्तीय समृद्धि भी बनी रहेगी।

**मकर** : आज खुद पर भरोसा करें। नए अनुभवों के लिए खुले रहें और अपने आस-पास के लोगों के साथ खुलकर संवाद करें।

**कुंभ** : आज नए रास्ते तलाशने के लिए मोटिवेट किया जाता है। अपने आस-पास के लोगों के साथ खुलकर बातचीत करें।

**मीन** : स्मार्ट प्लानिंग के जरिए फाइनेंशियल कंडीशन को बेहतर बना सकते हैं। आपका पेशेवर जीवन उत्पादक रहेगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# सावन का पवित्र महीना आज से शुरू, इन 5 राशियों पर रहेगी पूरे महीने भोलेनाथ की कृपा

30 जुलाई से सावन का पवित्र महीना आरंभ हो रहा है। सावन में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने का विधान होता है। आइए जानते हैं सावन माह में महादेव की कृपा किन-किन राशियों पर सबसे ज्यादा रहेगी।

आज गुरुवार, 30 जुलाई से सावन का महीना आरंभ हो रहा है। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से सावन का महीना शुरू हो जाता है, जो पूर्णिमा पर खत्म होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान शिव को सबसे ज्यादा प्रिय होता है। सावन महीने के दौरान भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा होती है। जिसमें शिवलिंग में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, गंगा, दूध, दही और बेलपत्र अर्पित किए जाते हैं। इससे भगवान शिव प्रसन्न रहते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है। इस बार सावन 30 जुलाई से लेकर 28 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 4 सावन सोमवार पड़ेंगे। इसके अलावा सावन में कई ग्रहों को राशि परिवर्तन भी होगा जिससे सावन के महीने मे भोलेनाथ की विशेष कृपा मिलेगी। आइए जानते हैं सावन महीने की भाग्यशाली राशियां।



**मेष राशि–** मेष राशि वालों के सावन का महीना बहुत ही शुभ और भाग्यशाली रहेगा। इस राशि के जातकों को हर काम में अच्छी सफलता मिलेगी। पूरे सावन मेष राशि वालों की आर्थिक स्थिति अच्छी और बेहतर रहेगी। भगवान शिव की विशेष कृपा रहेगी और धन लाभ के अवसरों में वृद्धि।

**मिथुन राशि–** 30 जुलाई से लेकर 28 अगस्त तक सावन का महीना चलेगा और इस दौरान मिथुन राशि वालों के लिए सावन का महीना बहुत ही शुभ और पवित्र साबित हो सकता है। इस सावन माह आपके सपने पूरे होंगे। आपकी इच्छाओं की पूर्ति होगी। वाहन और नए मकान का सपना पूरा हो सकता है। इसके जो लोग नौकरीपेशा हैं उनको कुछ नए तरह के अवसर मिल सकते हैं।

**सिंह राशि–** सावन का महीना सिंह राशि वालों के लिए अच्छा रहेगा। भगवान शिव की आपके ऊपर विशेष कृपा रहेगी। मन प्रसन्न और सकारात्मक रहेगा। अधूरे कार्यो में आपको गति मिलेगी। इस माह धन संबंधी परेशानियों का अंत होगा। नई योजनाओं में आपको कामयाबी मिलेगी। कोई नया प्रोजेक्ट हाथ लग सकता है। पुराने कामों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक राशि–** सावन का महीना वृश्चिक राशि वालों के लिए बहुत ही भाग्यशाली रहेगा। आपके अधूरे सपने इस माह पूरे हो सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं की प्राप्ति होगी। भगवान शिव की कृपा रहेगी जिससे पूरे माह आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। इस दौरान कोई बड़ा काम आपके हाथ लग सकता है। नौकरी में आपको प्रमोशन और वेतन वृद्धि के योग बनेंगे।

**धनु राशि–** धनु राशि वालों के लिए सावन 2026 का महीना बहुत ही शुभ और लाभकारी रहेगा। पूरे सावन माह आपको करियर-कारोबार में वृद्धि के अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति बहुत ही बेहतर और मजबूत रहेगी। इस माह कुछ नया करने का मौका मिलेगा। व्यापार में सफलता के अच्छे योग होंगे। धार्मिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिवार में सुख-समृद्धि और संपन्नता रहेगी।

**बासिल पैरा 100मीटर दौड़ में नंबर-2 रहे, लॉन्ग जम्प में मुरली को सिल्वर**

# गावित ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स में तीसरा गोल्ड दिलाया

ब्रह्मास्त्र ›› ग्लासगो









दिलीप महादु गावित ने भारत को कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में तीसरा गोल्ड दिला दिया है। वे पैरा 100 मीटर की रेस में 10.71 सेकेंड की टाइमिंग के साथ पहले स्थान पर रहे। भारत के ही मोहम्मद बासिल ने 10.83 सेंकेंड के साथ सिल्वर जीता।

इससे पहले लॉन्ग जम्पर मुरली श्रीशंकर ने 8.09 मीटर की छलांग लगाकर सिल्वर हासिल किया। वे पुरुषों की लंबी कूद में लगातार दो कॉमनवेल्थ गेम्स में सिल्वर जीतने वाले पहले भारतीय बने। इस इवेंट का गोल्ड जमैका के तजय गेल (8.15 मीटर) ने जीता। गावित और बासिल के मेडल के बाद भारत मेडल टैली के 8वें स्थान पर आ गया है। भारत के पास 3 गोल्ड, 9 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज सहित 15 मेडल हो गए हैं।

**जैस्मिन टॉप-4 में पहुंचने वाली 10वीं मुक्केबाज–** जैस्मिन लैम्बोरिया ने विमेंस कैटेगरी के 57किग्रा में इंग्लैंड की इलिस ग्लिन को 4-1 से हराया। वे सेमीफाइनल में पहुंचने वाली 10वीं मुक्केबाज बन गई हैं। उनसे पहले विमेंस कैटेगरी में अरुंधति ने 70किग्रा में न्यूजीलैंड की मॉर्गन एडरसन को 3-1 से हराया। साक्षी चौधरी ने 51किग्रा में नॉर्दन आयरलैंड को कैथलीन फ्रेयर को 5-0 से हराया। पुरुषों में नरेंद्र बेरवाल ने 90किग्रा में समोआ के माइकल सेको को 3-2 से हराया। अंकुश पंघल ने 80किग्रा में सेशेल्स के जे मिकॉक को 5-0 से मात दी। सचिन ने 70किग्रा में बोत्सवाना- ट्रेजर मोरेमी को 5-0 से हराया। लवलीना बोरगोहेन (75 किलोग्राम), प्रीति पवार (54 किलोग्राम), प्रिया घंगस (60 किलोग्राम) और जादुमणि सिंह (पुरुष 55 किलोग्राम) पहले ही सेमीफाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का कर चुके हैं। बॉक्सिंग में तीसरे स्थान (ब्रॉन्ज मेडल) के लिए अलग मैच नहीं कराया जाता। इसलिए सेमीफाइनल पहुंचने पर मेडल पक्का हो जाता है। इसे हारने वाले दोनों खिलाड़ियों को संयुक्त रूप से ब्रॉन्ज मेडल दिया जाता है। दोनों ग्रुप में कुल 15 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से गिल कुल पांचवें स्थान पर रहे। ग्रुप ए में सात और ग्रुप बी में आठ खिलाड़ी शामिल थे। नियम के अनुसार, जो खिलाड़ी 20 मीटर का मार्क पार करते हैं या टॉप 12 में रहते हैं, वे फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं। संजना के स्नैच में तीनों प्रयास असफल रहे 19 साल की वेटलिफ्टर संजना विमेंस 77किग्रा के फाइनल में स्नैच के तीनों प्रयासों में 94किग्रा वजन नहीं उठा सकीं। हरियाणा की संजना ने इस साल एशियन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। संजना इन खेलों में मेडल से चूकने वाली भारत की दूसरी वेटलिफ्टर बनीं। इससे पहले निरुपमा देवी सेराम भी अपने वर्ग में क्लीन एंड जर्क के तीनों प्रयासों में असफल रही थीं।

### तजिंदरपाल-समरदीप फाइनल के लिए क्वालिफाई

- भारतीय शॉट पुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर और समरदीप सिंह गिल ने फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फाइनल इवेंट गुरुवार को खेला जाएगा।
- क्वालिफिकेशन में तूर को ऑटोमैटिक क्वालीफिकेशन मार्क यानी 20 मीटर की दूरी पार करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ी। तूर ने अपने पहले प्रयास में 19.93 मीटर की दूरी तय की, जबकि दूसरे प्रयास में उन्होंने 20.14 मीटर का थ्रो फेंका और फाइनल में जगह पक्की की।
- ग्रुप बी में शामिल समरदीप सिंह गिल का दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 19.95 मीटर रहा, जो उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में हासिल किया। उनका दूसरा थ्रो 19.75 मीटर का था, जबकि तीसरा थ्रो फाउल रहा।

## पहली बार आईपीएल की बिजनेस वैल्यू 20 अरब डॉलर पार

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग की बिजनेस वैल्यू 20.6 अरब डॉलर यानी करीब 2 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी अमेरिकी इन्वेस्टमेंट बैंक हुलिहान लोकी की बुधवार को जारी 2026 आईपीएल ब्रांड वैल्यूएशन स्टडी में सामने आई है। स्टडी के मुताबिक पिछले दो सीजन की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ब्रांड वैल्यू के मामले में आईपीएल की सबसे कीमती टीम है। आरसीबी की ब्रांड वैल्यू 312 मिलियन डॉलर यानी करीब 3 हजार करोड़ रुपए बताई गई है। आरसीबी पहली आईपीएल टीम बनी है जिसकी ब्रांड वैल्यू 300 मिलियन डॉलर के पार गई है। स्डटी के मुताबिक इस साल आईपीएल की बिजनेस वैल्यू 11.4% बढ़ी है। यह लगातार दूसरा साल है जब आईपीएल ने 10 या इससे ज्यादा प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है। स्टडी में कहा गया है- 2008 में शुरू हुई यह लीग अब 10 टीमों के साथ दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 प्रतियोगिता बन चुकी है। लीग ने ब्रॉडकास्ट रेवेन्यू, स्पॉन्सरशिप, मर्चेंडाइजिंग और फ्रेंचाइजी इन्वेस्टमेंट के जरिए अपना एक मजबूत कमर्शियल मॉडल तैयार किया है।

# वैभव सूर्यवंशी दलीप ट्रॉफी मे ईस्ट जोन के उप-कप्तान बने



### ईशान किशन को कप्तानी मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार भी टीम में

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी 2026-27 के लिए ईस्ट जोन की 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। ईशान किशन को टीम की कप्तानी सौंपी गई है। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को उप-कप्तान बनाया गया है।

टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। वहीं, चोट के कारण रियान पराग और आकाश दीप का चयन नहीं हुआ। दलीप ट्रॉफी 23 अगस्त से खेली जाएगी।

**टी-20 से दलीप ट्रॉफी तक वैभव का सफर–** वैभव सूर्यवंशी ने इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया था। इसके बाद जिम्बाब्वे दौरे पर तीसरे टी-20 में 49 गेंदों पर 81 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और पूरी सीरीज में 181 रन बनाने के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। इससे पहले इसी साल जिम्बाब्वे में खेले गए अंडर-19 वर्ल्ड कप के फाइनल में उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 175 रन बनाकर भारत को चैंपियन बनाया था। कम उम्र में ही वैभव ने बड़े मुकाबलों में खुद को साबित किया है। आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 97 रन और क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 96 रन की अहम पारियां खेलीं। पिछले महीने श्रीलंका में इंडिया-ए की ओर से ट्राई सीरीज के फाइनल में भी उन्होंने 94 रन बनाए थे।

## खबर एक नजर...

### भैरवगढ़ क्षेत्र में मिला छात्रावास से लापता 9 वीं का छात्र



**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम पानबिहार में आदिम जाति कल्याण विभाग के छात्रावास से मंगलवार रात 9 बजे कक्षा 9 वीं का छात्र लापता हो गया। छात्रावास में भोजन के बाद हुई गिनती में छात्र दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश शुरू की गई। छात्रावास की ओर से रात 11 बजे पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर को छात्र के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई। थाना प्रभारी ने 13 वर्षीय छात्र की जानकारी जुटाई तो पता चला कि भैरवगढ़ क्षेत्र का रहने वाला है। परिजनों से पूछताछ करने पर उन्होंने घर आने से मना कर दिया। परिवार भी पुलिस के साथ उसकी तलाश में निकल पड़ा। रातभर छात्र की तलाश जारी रही। बुधवार सुबह बाइक सवार ने बदहवास बालक के मिलने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी लगते ही पानबिहार चौकी की टीम भैरवगढ़ पहुंची और छात्र का दस्तयाब किया गया। पूछताछ में छात्र ने बताया कि परिवार ने 1 जुलाई को उसका एडमिशन छात्रावास में कराया था, उसका मन नहीं लगा रहा था छात्रावास में नहीं रहना भी चाहता है। इसलिये मौका देख भाग गया था। घर जाने से डर लग रहा था, परिवार फिर से छात्रावास भेज देते। उसके पास परिजनों द्वारा दिये गये 200 रुपए थे, वह भैरवगढ़ आ गया था, जहां एक दुकान पर खाना खाया और रात में दुकान के बाहर ही सो गया था, सुबह दूर जाने के लिये बाइक सवार से लिफ्ट मांगी थी। थाना प्रभारी डामोर के अनुसार छात्र के लापता होने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी भी आ गये थे। बालक को समझाईश दी गई और परिजनों के सुपुर्द किया गया। 12 घंटे में बालक को सुरक्षित दस्तयाब किया गया है।

### शादी के 6 साल बाद जहरीला पदार्थ खाकर किया सुसाइड

**उज्जैन।** पंवासा थाना क्षेत्र की तिरूपति कासा ग्रीन कालोनी में रहने वाली कविता पति दुर्गेश ने सोमवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान मंगलवार-बुधवार रात कविता की मौत हो गई। पंवासा थाना एएसआई सावित्री कटारा ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर बुधवार को पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि कविता की शादी 6 साल पहले हुई थी। उसकी 2 संतान है, परिवार मजदूरी करता है। मायका आगर मालवा के नलखेड़ा में है। फिलहाल जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आ पाया है। आशंका है कि पारिवारिक विवाद के चलते कविता ने आत्मघाती कदम उठाया है। जिसका खुलासा मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज करने के साथ जांच में होगा। जहरीला पदार्थ खाने का एक मामला चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ ब्रिज का सामने आया। मंगलवार को महिदपुर के ग्राम मेंढकी में रहने वाले देवीसिंह पिता नारायण 20 साल ने उज्जैन आकर जहरीला पदार्थ खाया। उसे लोगों की मदद से अस्पताल भेजा गया। परिजन जानकारी लगने पर उसे निजी अस्पताल लेकर गये, जहां रात में मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। परिजनों के गमगीन होने पर बयान दर्ज नहीं हो सके।

### नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**उज्जैन।** 10 माह पहले नाबालिग को बहला-फुसलाकर अपने साथ गुजरात ले जाने के बाद उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले सांवरिया पिता गंगराम 21 साल निवासी ग्राम रणवा बड़नगर को पास्को एक्ट में बड़नगर की विशेष न्यायालय के न्यायाधीश रामविलास गुप्ता द्वारा 20 साल की सजा सुनाई गई है। अभियोजन अधिकारी के अनुसार घटनाक्रम 23 सितंबर 2025 को सामने आया था, जब नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कुछ दिनों बाद बालिका को गुजरात के सुरत स्थित रेलवे स्टेशन से दस्तयाब किया था। बालिका के बयान पर आरोपी को सजा सुनाई गई है। प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक भारती उज्जालिया द्वारा की गई।

### एक दिन पहले हुआ विवाद दूसरे दिन मारने का प्रयास

**उज्जैन।** माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम बुखारी में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता बालू मालवीय का 27 जुलाई को समीप रहने वाले जितेन्द्र से विवाद हो गया था, उस वक्त दोनों के परिवार ने मामला शांत करा दिया था। एक दिन बाद रात में धर्मेन्द्र अपने घर के बाहर खड़ा था, तभी जितेन्द्र आया और गाली-गलौच करने लगा। दोबारा से उनके बीच विवाद की स्थिति बन गई। जितेन्द्र तलवार लेकर आ गया और धर्मेन्द्र को मारने का प्रयास किया। धर्मेन्द्र ने भागकर अपनी जान बचाई और माकडोन थाने पहुंचकर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जितेन्द्र की तलाश में उसके घर पहुंची तो वह भाग निकला था। जिसकी तलाश कर तलवार बरामद की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 338-4 | 690-5 |
| मेन बाजार | 770-4 | 200-2 |
| मिलन डे | 269-7 | 247-3 |
| मिलन नाइट | 139-3 | 347-4 |

1 2 5

#### पुलिस ने लिया 3 अगस्त तक रिमांड पर, मुख्य आरोपी अब भी फरार

# दोहरे हत्याकांड में शामिल आरोपियों का कोर्ट में समर्पण

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

नीलगंगा चौराहा पर 2 सगे भाईयों की हत्या और पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला करने में शामिल 2 आरोपियों ने बुधवार को कोर्ट में समर्पण कर दिया। खबर मिलने पर पुलिस कोर्ट पहुंची और दोनों का पूछताछ के लिये 3 अगस्त तक का रिमांड मांगा।

18 जुलाई की रात नीलगंगा चौराहा पर गोरकर परिवार पर पासी समाज के 15 से 20 बदमाशों ने कातिलाना हमला कर दिया था। बदमाशों ने गोलियां चलाई थी, तलवार और चाकू से हमला किया था। घटनाक्रम में 2 सगे भाई लोकेश गोरकर और जय उर्फ जितेश गोरकर की मौत हो गई थी। मृतकों के चाचा दिलीप उर्फ दिल्लू पहलवान के साथ उनका पुत्र तपन गोरकर घायल हो गये थे। नीलगंगा थाना पुलिस ने 8 नामजद आरोपी रोशन पासी, राकेश पासी, नरेश पासी, संजय पासी, दुर्गेश पासी, रोहित पासी, मंजू उर्फ मीना और सन्नी पासी सहित अन्यों के खिलाफ दोहरे हत्याकांड का मामला दर्ज कर हमले में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। 10 दिन बाद बुधवार दोपहर को हमले में शामिल 2 आरोपियों संजय पिता रामलखन पासी निवासी जबरन कालोनी और वेदू पिता दीपक पासी निवासी महू इंदौर ने कोर्ट में समर्पण कर दिया। खबर मिलने पर थाना प्रभारी तरूण कुरील ने दोनों की गिरफ्तारी के लिये एसआई यादवेन्द्र परिहार को कोर्ट भेजा। जहां से दोनों को पूछताछ के लिये 3 अगस्त तक के लिये रिमांड पर लिया गया है। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार दोहरे हत्याकांड में लगभग 15 आरोपी अब तक सामने आ चुके है। मुख्य आरोपी रोशन पासी और उसके 4 अन्य साथी फरार है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

### अब तक 8 को भेजा जा चुका है जेल

घटनाक्रम सामने आने के बाद दूसरे दिन पुलिस ने एक आरोपी नरेश पासी को लालपुल के पास से शार्ट एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक नाबालिग और 2 आरोपियों पियुष पिता विजय पासी निवासी कुमार खाड़ी बाणगंगा, विवेक पिता दिनेश वर्मा निवासी बड़ी ग्वालटोली इंदौर को विगत शुक्रवार को मंछामन मल्टी से गिरफ्तार किया था। वहीं अर्थव गर्ग निवासी विवेकानंद कालोनी, राकेश पासी, दुर्गेश पासी जबरन कालोनी और मंजू उर्फ मीना बोरासी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अब तक 8 आरोपी जेल भेजे जा चुके है। कोर्ट में समर्पण करने वाले 2 आरोपियों के साथ 10 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है।

### नीलगंगा चौराहा पर पुलिस की अब भी नजर

18 जुलाई की रात हुई घटना के बाद से पुलिस की नीलगंगा चौराहा पर नजर बनी हुई है। हमला कर हत्या करने वाले आरोपी गोरकर परिवार के घर से चंद कदमों की दूरी के निवासी है। जिसके चलते पुलिस पिछले 11 दिनों से चौराहा पर नजर रखे हुये है। कुछ दिनों तक पुलिस बल की तैनाती रखी गई थी, अब लगातार पुलिस डायल 112 भ्रमण कर रही है। आरोपियों के परिवार पर भी नजर रख फरार आरोपियों का पता लगाने के प्रयास किये जा रहे है।

#### कई जगह कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक और भस्म आरती जैसी परंपराएँ रहेगी

# आज से सावन शुरू, 28 अगस्त को होगा समाप्त

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन



सावन आज, 30 जुलाई 2026, गुरुवार से शुरू हो गया है। पहले सावन सोमवार की तिथि 3 अगस्त है, और फिर 10, 17 और 24 अगस्त को अगले सोमवार पड़ेंगे। सावन 28 अगस्त को समाप्त होगा। सावन भगवान शिव की उपासना का महीना माना जाता है। मान्यता है कि इस महीने में शिव भक्ति, व्रत और जप-तप करने से मन को शांति, संयम, और आध्यात्मिक शक्ति मिलती है। कई जगह कांवड़ यात्रा, जलाभिषेक, और भस्म आरती जैसी परंपराएँ इस महीने को और भी खास बनाती हैं और लोगों के लिए यह अपने जीवन में सादगी, अनुशासन और भक्ति लाने का एक अवसर होता है।


सावन में हर सोमवार का खास महत्व होता है। लोग व्रत रखते हैं, शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं, बेलपत्र चढ़ाते हैं और कई स्थानों पर कांवड़ यात्रा भी निकलती है। उज्जैन में तो महाकालेश्वर मंदिर में सावन के सोमवार पर बहुत भीड़ रहती है और भस्म आरती का विशेष महत्व होता है। साथ ही कई लोग पूरे महीने सादा भोजन, संयम और भक्ति पर ध्यान देते हैं।

सावन (श्रावण) माह हिंदू धर्म में भगवान शिव को समर्पित सबसे पवित्र महीनों में से एक है। इसका महत्व कई कारणों से है। समुद्र मंथन की कथा के अनुसार जब विष निकला, तो भगवान शिव ने संसार की रक्षा के लिए उसे अपने कंठ में धारण कर लिया था, इसलिए शिव को जल अर्पित करने की परंपरा है। यह महीना वर्षा ऋतु का समय होता है, धरती हरियाली से भर जाती है और खेती का नया चक्र शुरू होता है। सांस्कृतिक तौर पर यह आत्मसंयम, व्रत, और साधना का भी समय माना गया है। कई लोग सात्विक भोजन खाते हैं, कुछ सोमवार का व्रत रखते हैं, और कुछ लोग पूरे महीने मंत्र जप, ध्यान और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। उज्जैन जैसे स्थानों में, खासकर महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में, सावन के पूरे महीने विशेष पूजा और भस्म आरती होती है, जिससे यहां का आध्यात्मिक वातावरण और भी गहरा हो जाता है। कुल मिलाकर, सावन भक्ति, संयम, प्रकृति और परंपरा का संगम प्रस्तुत करता है।

सावन में क्या करें सबसे पहलेः सुबह स्नान करके शिव जी का ध्यान करें, शिवलिंग पर जल चढ़ाएँ, दूध, बेलपत्र, धतूरा, आक और सफेद फूल चढ़ा सकते हैं, और 'ॐ नमः शिवाय' का जप करें। सोमवार का व्रत रख सकते हैं अगर शरीर साथ दे रहा हो। दान-पुण्य, जरूरतमंद की मदद, और क्रोध व कटु वचन से बचना भी इस महीने की साधना का हिस्सा है। और क्या न करेंः नशे से दूर रहें, किसी का अपमान न करें, और सिर्फ. दिखावे के लिए पूजा न करें। महाकालेश्वर मंदिर जा रहे हों तो भीड़ को ध्यान में रखकर सुबह जल्दी जाएँ और मंदिर प्रशासन की व्यवस्थाओं का पालन करें।

# चाकूबाजी में घायल का बमुश्किल किया उपचार

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन



चिंतामण ब्रिज नीलगंगा थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार रात नशे में धुत एक व्यक्ति को कुछ लोगों ने चाकू मार दिये थे। उसे घायल हालत में रात 12.30 चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर और ड्युटी कम्पाउंडर ने बमुश्किल उसका उपचार किया और वार्ड में भर्ती किया।

चिंतामण ब्रिज पर रात में एक व्यक्ति घायल हालत में पड़ा था, ब्रिज से गुजरने वालों का लगा कि उसके साथ दुर्घटना हुई है। एम्बुलेंस का सूचना दी गई, काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। घायल को वहां से गुजर रहा नगर सैनिक चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। घायल नशे की हालत में था, वह उपचार करने का तैयार नहीं था, इमरजेंसी कक्ष से बाहर निकल गया और ड्युटी डॉक्टर के साथ ड्युटी कम्पाउंडरों से अभ्रदता करने लगा। उसके पास से मोबाइल मिली था, जिसमें दर्ज नम्बरों पर कॉल करते ही कुछ देर में उसकी पत्नी और परिचित अस्पताल पहुंचे। घायल को बमुश्किल काबू में किया गया चैकअप किया तो पता चला कि उसे पांच चाकू के गहरे घाव है, जो दोनों पैरों के पिछले हिस्से पर लगे है। पत्नी ने बताया कि विद्यापति नगर में रहने वाले रविराज पिता राजाराम बोरासिया 40 साल है। पत्नी का कहना था कि पेशे से एडवोकेट है, लेकिन नशे के आदी हो चुके है। पत्नी यह बताने में असमर्थ थी कि पति के साथ किसने चाकूबाजी की है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा मामले की सूचना नीलगंगा थाना पुलिस को दी गई और घायल को भर्ती किया गया। पुलिस बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। घायल के नशे में होने पर उसे किसने चाकू मारने यह भी याद नहीं था।

#### एक साथी की तलाश, बाइक खरीदने वाला गिरफ्त में

# पुलिस ने की कंजरों से 7 लाख रुपये के आभूषण और 11 बाइक बरामद

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

चार सूने मकानों में वारदात करने और बाइक चोरी में शामिल कंजर गिरोह के 2 बदमाशों से 7 लाख के आभूषणों और 11 बाइक बरामद कर ली गई है। पुलिस ने चोरी की बाइक खरीदने वाले को भी गिरफ्तार किया है। बाइक चोरी में दोनों बदमाशों का एक साथी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि वाहन चोरी के मामले में कंजर गिरोह के 2 बदमाशों अविनाश पिता सीतराम हाड़ा 27 साल और अमिश पिता रंजीत झांझा 21 साल निवासी ग्राम रूलकी कंजर डेरा को हिरासत में लिया गया था। उनके पास से माधवनगर थाना क्षेत्र से चोरी की गई बाइक बरामद होने पर पूछताछ शुरू की गई थी। दोनों से पता चला कि जून माह के प्रथम सप्ताह में थाना क्षेत्र की बाफना पार्क कालोनी में रहने वाले भारतसिंह राठौर के सूने मकान में चोरी को अंजाम दिया था। दोनों नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवधाम कालोनी में रहने वाले प्रशांतिधाम कालोनी के प्रोफेसर अजहरूद्दीन सिद्धिकी और रामसहारे के साथ एक अन्य मकान में भी चोरी कर चुके थे। 2 थाना क्षेत्र के चार मकानों में हुई नकबजनी की वारदात के साथ बाइक चोरी का खुलासा होने बरामदगी के प्रयास शुरू किये गये। दोनों बदमाशों से 7 लाख रुपए से अधिक के आभूषण और 11 बाइक बरामद हो गई। दोनों को न्यायालय में पेश कर 3 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। संभावना है कि कुछ ओर वारदातों की जानकारी सामने आ सकती है।

### एक बाइक बेरछा में थी बेची

थाना प्रभारी कनोड़िया के अनुसार कंजर गिरोह के दोनों बदमाशों से पूछताछ में पता चला कि चोरी की एक बाइक शाजापुर के ग्राम बेरछा में रहने वाले सद्दाम को बेची गई है। पुलिस टीम ने सद्दाम को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक खरीदने का आरोपी बनाया है। दोनों इंदौर के लसुडिया, कायथा, माधवनगर क्षेत्र से बाइक चुरा चुके थे, बाइक चोरी में उनका साथी महेन्द्र भी शामिल रहता था। थाना प्रभारी ने बताया कि 9 बाइक महेन्द्र के यहां से बरामद की गई है। दबिश के दौरान वह फरार हो गया था।

### ट्रेक्टर से उड़ाये थे 1.50 लाख

दोनों बदमाशों से 8 अप्रैल अंजूश्री होटल के सामने खड़े ट्रेक्टर से किसान की डेढ़ लाख रूपयों से भरी थैली उड़ाने की वारदात को भी अंजाम दिया था। दोनों अपने साथी के साथ कुछ-कुछ दिनों के अंतराल में शाजापुर से उज्जैन आते थे और रैकी करने के बाद वारदातों को अंजाम देते थे। दोनों 24 मई को नागझिरी थाना पुलिस की वाहन चैकिंग में चकमा देकर भाग भी निकले थे।

### नागझिरी पुलिस मांगेगी प्रोटेक्शन रिमांड

नागझिरी के तीन मकानों में हुई चोरी का कंजरों से खुलासा होने पर पुलिस अपने क्षेत्र की चोरियों के संबंध में पूछताछ के लिये दोनों कंजरों का न्यायालय से प्रोटेक्शन वारंट जारी करायेगी। इंदौर पुलिस भी बाइक चोरी में पूछताछ के लिये उज्जैन आ सकती है।

# रिमांड पर आभूषण व्यापारी को लूटने वाले सात बदमाश

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

आभूषण व्यापारी के साथ लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 8 बदमाशों को मंगलवार-बुधवार रात पुलिस ने घेराबंदी में दबोच लिया था। वारदात का मुख्य आरोपी घायल हो गया था। पुलिस ने उसके 7 साथियों को बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया, जहां से 6 दिन की रिमांड पर लिया गया है।

> मुख्य आरोपी अस्पताल में, आभूषण-नगदी मिली

चिंतामण थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि 25 जुलाई की देर शाम इंगोरिया चौपाटी से आभूषण दुकान बंद कर सोनू सोनी निवासी ग्राम बलेड़ी अपने ससुराल तिरूपति सॉलिटयर लौट रहा था। कुछ समय से वह ससुराल में निवास कर रहा है। उसी दौरान उज्जैन-बड़नगर फोरलेन स्थित ग्राम नलवा पेट्रोल पंप के पास उसे रोक बदमाशों ने 50 हजार रुपए नगद और लाखों के आभूषण लूट लिये थे। मामला दर्ज कर बदमाशों की धरपकड़ के लिये सीएसपी श्वेता गुप्ता के मार्गदर्शन में नागझिरी थाना प्रभारी कमल निगवाल, प्रधान आक्षक राहुल कुशवाह और सायबर सेल के साथ टीम बनाई गई थी। 48 घंटे में घेराबंदी कर लूट में शामिल सुभाष पिता मुकेश ग्राम कसारी रतलाम, पदम पिता जगदीश खारवा कला ताल, वीरेन्द्र पिता गोरेलाल चौहान बहादूरखेडा कपेली, राधेश्याम पिता नगजीराम सोलंकी सूरजपुरा तराना, प्रद्युमन पिता गौरेलाल पंवार कसारी रोड ताल, दीपक पिता राजेश, अंकित पिता घनश्याम मोंगिया निवासी बमनापाती इंगोरिया और महेश पुत्र कमल पंवार निवासी ताल को गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी में सुभाष और प्रद्युमन घायल हो गये थे। दोनों को अस्पताल लाया गया। जहां सुभाष को उपचार के लिये भर्ती किया गया है। बुधवार दोपहर सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 6 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में 33 हजार रुपए नगद और 67 हजार के आभूषण बरामद कर लिये गये है। शेष आभूषण, नगदी और लूट में प्रयुक्त वाहन बरामद करने का प्रयास जारी है। लूट का मास्टर माइंट सुभाष सामने आया है। जिसे अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर कोर्ट में पेश किया जायेगा। संभावना है कि रिमांड पर लिये गये बदमाशों से कुछ ओर वारदतों का पता चल सकता है।

#### फिर सक्रिय हुआ प्रदेश में मानसून का नया सिस्टम

# धार्मिक नगरी में 20.4 मिमी. बारिश

ब्रह्मास्त्र ⏩ उज्जैन

एक बार फिर से प्रदेश में मानसून सक्रिय होने का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। बुधवार को धार्मिक नगरी में दोपहर बाद बारिश शुरू हुई। कुछ देर में 20.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश से पहले तापमान में तेजी आई थी, जिससे उमस बढ़ने लगी थी।

धार्मिक नगरी में कुछ दिनों से रिमझिम बारिश हो रही थी और मौसम साफ हो रहा था, जिससे उमस बढ़ने लगी थी। बुधवार को तापमान में 31.5 डिग्री पहुंच गया। जो मंगलवार के मुकाबले 3 डिग्री अधिक था। इसी बीच दोपहर बाद आसमान में बादलों की मौजूदगी दिखाई देने लगी और शाम होते ही तेज बारिश शुरू हुई। करीब 20 से 25 मिनट की बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया और सड़कों पर जलभराव के हालत दिखाई देने लगे, उमस से राहत महसूस हुई थी लेकिन अंधेरा ढलने के बाद बारिश थम सी गई। शासकीय जीवाजी वेधशाल पर 20 मिनट की बारिश 20.4 मिलीमीटर दर्ज की गई जो एक इंच से कुछ कम थी। बताया जा रहा है कि मौसम विभाग ने प्रदेश में मानसून का नया सिस्टम एक्टिवेट होने की जानकारी साझा की है। जिसके चलते उज्जैन सहित प्रदेश के कई जिलों में 4 दिन तक बारिश हो सकती है।

बारिश के मौसम में धार्मिक नगरी में आवागमन परेशानी भरा दिखाई दे रहा है। सिंहस्थ 2028 को लेकर पूरे शहर में निर्माण कार्य के साथ सीवरेज की खुदाई का काम चल रहा है। जिसके चलते गली-मोहल्लों से लेकर कई मार्गो पर कीचड़ फैलता दिखाई दे रहा है। वाहन फिसल रहे और लोगों को चोंट लग रही है। खुदाई और बारिश के बीच सबसे अधिक परेशानी स्कूली विद्यार्थियों को महसूस हो रही है। जिन्हे कीचड़ के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com